

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 21 जुलाई 2025 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष -41 ■ अंक-114 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 22 जुलाई 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## पीएम मोदी ने मानसून सत्र को विजय उत्सव बताया

### आपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा देश के सैकड़ों जिले नक्सल पीड़ा से मुक्त हुए

**नई दिल्ली,21 जुलाई।** मॉनसून सत्र की शुरुआत से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने मीडिया से बात की है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत का सैन्य सामर्थ्य देखा। दुनिया के नेताओं से मिलता हूं तो उनका भरोसा भारत के स्वदेशी हथियारों के प्रति दिखता है। मुझे विश्वास है कि इस सदन में एक स्वर से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर ओजस्वी भावनाएं प्रकट की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इससे देशवासियों को प्रेरणा मिलेगी और सैन्य क्षेत्र में जो रिसर्च और आविष्कार हो रहे हैं, उसके लिए भी प्रोत्साहन मिलेगा। यह एक दशक हम देख सकते हैं कि शांति और प्रगति कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश कई प्रकार की हिंसक वारदातों का शिकार रहा है। आजादी के बाद से ही यह समस्या हम झेल रहे हैं। आतंकवाद हो या फिर नक्सलवाद हो, हम इन्हें झेल रहे थे। लेकिन आज नक्सलवाद का दायरा बहुत तेजी से सिकुड़ रहा है। माओवाद को जड़ से उखाड़ने के संकल्प के साथ देश के सुरक्षाबल एक नए आत्मविश्वास से सफलता की ओर कदम रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं गर्व से कह सकता हूं कि देश के सैकड़ों जिले नक्सलवाद की चपेट से निकलकर मुक्ति की सांस ले रहे हैं। हमें गर्व है कि बम, बंदूक और पिस्तौल



के सामने हमारे देश का संविधान विजयी हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए साफ दिख रहा है कि कल तक जो रेड कॉरिडोर थे, वे आज ग्रीन जोन में परिवर्तित हो रही हैं।

आज देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर है। विश्व की अनेक संस्थाएं सराहना कर रही हैं। 2014 से पहले एक जमाना था कि महंगाई दर दोहरे अंकों में थी, लेकिन आज यह दो पर्सेंट के करीब है। इससे आम लोगों को बड़ी राहत मिली है। भारत को डब्लूएचओ ने ट्रेकोमा फ्री घोषित किया है। पहलगाम आतंकी हमले ने दुनिया को दहला दिया। आतंकियों की इस बर्बरता के खिलाफ दलहित छोड़कर ज्यादातर दलों के प्रतिनिधियों ने विश्व भ्रमण किया और दुनिया के अनेक देशों में जाकर एक स्वर से दुनिया के सामने आतंकवादियों के आका पाकिस्तान को बेनकाब करने का सफल अभियान चलाया।

राष्ट्रहित में किए गए इस काम के लिए मैं सभी सांसदों और सभी दलों की सराहना करना चाहता हूं। इससे देश में एक पॉजिटिव माहौल बना। विश्व ने भारत की बात को स्वीकार करने की दिशा में अपने मन के द्वार खोले। इसके लिए हमारे सांसदगण और राजनीतिक दल सराहना के पत्र हैं। इसके साथ ही उन्होंने विपक्षी दलों से अपील की है कि वे संसद में

## संक्षेप

### ढाका में स्कूल पर गिरा बांग्लादेश एअर फोर्स का F-7 प्लेन

**ढाका,21 जुलाई।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बांग्लादेश वायुसेना का एक ट्रेनिंग जेट F-7 BJI उत्तरा इलाके के माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज के कैंपस में जा टकराया। इस हादसे में कम से कम एक शख्स की मौत हो गई है, मौत और घायलों का आंकड़ा बढ़ सकता है। इस हादसे से इलाके में दहशत फैल गई है। जेट के दुर्घटनाग्रस्त होने से स्कूल परिसर में भारी नुकसान हुआ। बांग्लादेशी आर्मी की ओर से इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि विमान सोमवार दोपहर को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें कहा गया है कि बांग्लादेश वायु सेना का एक F-7 BGI प्रशिक्षण विमान उत्तरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ने डेढ़ मिनट में उड़ान भरी थी।

### डीईओ की कार की क्रेन से टक्कर, हाथ टूटा

**बिलासपुर,21 जुलाई।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर जिले से सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है. यहाँ जिला शिक्षा अधिकारी की कार



का एक्सीडेंट हो गया. इस हादसे में वे बाल बाल बच गए हैं. हालाँकि उनका हाथ फ्रेक्चर हो गया है. जानकारी के मुताबिक़, घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है. मंगला चौक के पास हादसा हुआ है. गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के डीईओ रजनीश तिवार की कार दुर्घटना का शिकार हो गई. डीईओ रजनीश तिवारी खुद ही कार ड्राइव कर रहे थे. उनके साथ कार में उनकी पत्नी भी सवार थी. इसी बीच उनकी कार मंगला चौक के पास क्रेन वाहन से टकरा गई. टक्कर इतनी तेज कि उनके कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. हालांकि डीईओ रजनीश तिवारी बाल बाल बच गए. हालाँकि उनका हाथ फ्रेक्चर हो गया. वहीँ, उनकी पत्नी सुरक्षित हैं. उन्हें किसी तरह की चोट नहीं आयी है.

## मुंबई ट्रेन धमाके के सभी 12 आरोपी बरी

**मुंबई,21 जुलाई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को बड़ा फैसला सुनाकर मुंबई ट्रेन धमाके के सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। 11 जुलाई 2006 को हुए विस्फोट मामले में अदालत ने कहा है कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है। 19 साल पहले हुई इस घटना में 180 लोगों की मौत हो गई थी। यह फैसला शहर के पश्चिमी रेलवे नेटवर्क को हिला देने वाले



आतंकवादी हमले के 19 साल बाद आया है। इस हमले में 180 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और कई अन्य लोग घायल हुए थे। जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की विशेष पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को दोषी ठहराने का निर्णय नहीं लिया जा सकता। अदालत ने कहा, 'अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है। यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है इसलिए उनकी दोषसिद्धि रद्द की जाती है।' पीठ ने कहा कि वह पांच लोगों को मृत्युदंड और शेष सात को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा की पुष्टि करने से इनकार करती है और उन्हें बरी करती है। अदालत ने कहा कि अगर आरोपी किसी अन्य मामले में वांछित नहीं हैं तो उन्हें जेल से तुरंत रिहा कर दिया जाए। इस मामले में 2015 में एक विशेष अदालत ने 12 लोगों को दोषी ठहराया था, जिनमें से पांच को मृत्युदंड और शेष सात को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। राज्य भर की विभिन्न जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किए गए आरोपियों ने उच्च न्यायालय के फैसला सुनाने के बाद अपने वकीलों को धन्यवाद दिया। पश्चिमी लाइन पर विभिन्न स्थानों पर मुंबई की लोकल ट्रेन में 11 जुलाई, 2006 को सात विस्फोट हुए थे जिनमें 180 से अधिक लोग मारे गए थे और कई अन्य लोग घायल हुए थे।

## रियासी में वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले पुराने मार्ग पर भूस्खलन

**जम्मू-कश्मीर।** रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले पुराने मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन हो गया। चपेट में आने चार तीर्थयात्री घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह भूस्खलन त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा शहर में हुई भारी बारिश के कारण हुआ है। यह घटना सुबह लगभग 8.50 बजे बाणगंगा के पास गुलशन का लंगर में हुई। यह यात्रा का प्रारंभिक बिंदु है। यहां ज्यादातर टट्टू सवार पुराने मार्ग पर इकट्ठा होते हैं।

## मुंबई एयरपोर्ट पर फिसल गया एयर इंडिया का विमान

**मुंबई,21 जुलाई।** कोच्चि से मुंबई आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट सोमवार सुबह लैंडिंग के दौरान फिसल गई। मुंबई में भारी बारिश के कारण यह स्थिति पैदा हुई और लैंडिंग के दौरान विमान थोड़ा फिसल गया। इसके चलते विमान रनवे से बाहर निकल गया और उसके तीन टायर फट गए। शुरुआती जांच में पता चला है कि खराब मौसम के कारण ही यह हादसा हुआ और मौके पर फिसलन की



स्थिति थी। सूत्रों का कहना है कि लैंडिंग के दौरान तीन टायर फट गए और एयरक्राफ्ट के इंजन को भी नुकसान होने की आशंका है। हालांकि लैंडिंग पूरी तरह से सुरक्षित रही। यात्री और क्रू मेंबर्स पूरी तरह सुरक्षित रहे। इस मामले में एयर इंडिया की ओर से भी बयान जारी किया गया है। एयरलाइन कंपनी ने बताया, '21 जुलाई, 2025 को कोच्चि से उड़ान भरकर मुंबई आने वाली फ्लाइट AI2744 लैंडिंग के दौरान फिसल गई। इसका कारण भारी वर्षा के कारण हुई फिसलन थी। एयरक्राफ्ट की लैंडिंग सुरक्षित गेट पर हुई। सभी यात्री और क्रू मेंबर्स आसानी से उतरे। फिलहाल एयरक्राफ्ट को चेकिंग के लिए हवाई यात्रा से दूर कर दिया गया है। यात्रियों और क्रू मेंबर्स की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।' इस घटना के कारण एयरपोर्ट पर कुछ देर तक चहल पहल बनी रही। एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से इमरजेंसी रेस्पॉन्स टीम को भी बुलाया गया था।

## विपक्ष का नेता होने के बावजूद बोलने नहीं दिया गया : राहुल

**नई दिल्ली,21 जुलाई।** संसद के मानसून सत्र के पहले दिन हंगामे और स्थगन के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष का नेता होने के बावजूद उन्हें लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद राहुल ने संसद भवन के बाहर संवाददाताओं से कहा, 'रक्षा मंत्री और सरकार के अन्य लोगों को बोलने की इजाजत है, लेकिन विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया जा रहा। मैं विपक्ष का नेता हूं, बोलना मेरा अधिकार है, मुद्दे उठाना मेरा काम है, लेकिन वे मुझे बोलने नहीं दे रहे।' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक नया तरीका अपना रही है। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन से चले गए। अगर वे अनुमति दें तो चर्चा हो सकती है, लेकिन मुद्दा यह है कि परंपरा कहती है कि अगर सरकार के नेताओं को बोलने की अनुमति है, तो हमें भी जगह दी जानी चाहिए। हम बोलना चाहते थे, लेकिन हमें अनुमति नहीं दी गई।' इससे पहले लोकसभा में कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सदस्य ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करते हुए खड़े हो गए। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया था।

## जलप्रपात में बहे दो लोग, एक की मौत,एक लापता

**कवर्धा,21जुलाई।** कवर्धा जिले के रानीदहरा जलप्रपात में बड़ा हादसा हो गया है. जलप्रपात देखने गए 2 पर्यटक बह गए, जिसमें से एक की मौत हो गई, जबकि एक अभी भी लापता है. तीन को बचाया गया है. रेस्क्यू अभियान जारी है. कवर्धा जिले के रानीदहरा जलप्रपात में बड़ा हादसा हो गया है. जलप्रपात देखने गए 2 पर्यटक बह गए, जिसमें से एक की मौत हो गई, जबकि एक अभी भी लापता है. तीन को बचाया गया है. रेस्क्यू अभियान जारी है. कवर्धा में 20 जुलाई को दोपहर बाद अचानक तेज बारिश के कारण रानी दहरा जलप्रपात में बड़ा हादसा हो गया. जानकारी के अनुसार दो लोग बाइक सहित



पानी के तेज बहाव में बह गए. इनमें से एक व्यक्ति नरेंद्र पाल पिता औतार सिंह (उम्र 45 वर्ष), निवासी मुंगेली का शव झरने से लगभग 3 किलोमीटर दूर बरामद किया गया है. वहीं, दूसरा व्यक्ति ग्रामीणों की मदद से बचा लिया गया है और उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है.इस बीच, एक दूसरी घटना में मुंगेली से आए 30 लोगों के ग्रुप में से एक युवक लापता हो गया है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह ऊपरी झरने की ओर जा रहा था, लेकिन उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला है.

## ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन की छवि सुधारना मेरी प्राथमिकता है : श्रीनिवास राव मद्दी

### महुआ से बनी शराब की संग्रहण विधि विकसित करने पर विचार



**ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन के नव नियुक्त अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी से तरुण छत्तीसगढ़ के प्रबंध संपादक आशीष तिवारी से खास बातचीत की। इस बातचीत में उन्होंने ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन के काम काज और चुनौतियों पर खुल कर जानकारी दी. उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सरकार की मंशा शराब को हतोत्साहित करना है. नई शराब दुकानों को खोले जाने के पीछे क्या कारण है. ऐसे कई अहम मुद्दों पर इस दौरान बेबाक बातचीत हुई-**

**प्रश्न: ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष के तौर पर आपकी प्राथमिकताएं क्या होंगी?**

**उत्तर:** सबसे पहले मैं संगठन और माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझे यह अहम जिम्मेदारी सौंपी। ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन, जो हमारे आबकारी विभाग के अंतर्गत आता है, उसकी जिम्मेदारी संभालने के बाद मैंने अधिकारियों के साथ पहली बैठक में स्पष्ट कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शराब नीति को लेकर जो भी अनियमितताएं हुईं, उनके चलते कई कानूनी कार्रवाइयां हुई हैं। अभी 22 ऐसे कर्मचारी हैं जिनकी संलिप्तता सिद्ध होने पर चार्जशीट दाखिल कर निलंबित किया गया है। मेरी प्राथमिकता है कि ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन की जनता में जो खराब छवि बनी है, उसे सुधारना। इसके अलावा कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने की पूरी कोशिश की जा रही है। विभाग के नियमों का पालन करते हुए कोई भी व्यक्ति निडर होकर कार्य कर सके, यही हमारा उद्देश्य है। विष्णुदेव साय सरकार बनने के बाद इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया गया। इसी क्रम में एफएल-10 को समाप्त कर दिया गया, जिससे अब कोई भी दलाल या बिचौलिया यहां सक्रिय नहीं है। होलोग्राम की बात करें तो पहले यह स्थानीय स्तर पर छपता था, लेकिन अब हम इसे नासिक से छपवा रहे हैं, जहां करेंसी छपती है। इससे गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

**प्रश्न: कई राज्यों में बोतलों पर लगे बारकोड को उपभोक्ता भी स्कैन कर सकते हैं, लेकिन हमारे प्रदेश में ऐसा क्यों नहीं है?**

**उत्तर:** देखिए, किसी भी सॉफ्टवेयर को सार्वजनिक करने पर उसके दुरुपयोग की आशंका बढ़ जाती है। चूंकि होलोग्राम हमारे विभाग द्वारा जारी होता है, इसलिए उसकी जांच और सत्यापन का अधिकार भी हमारे पास रहना जरूरी है, ताकि किसी तरह की छेड़छाड़ रोकी जा सके।

**प्रश्न: पिछली सरकार के कार्यकाल में शराब को लेकर भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आए, ऐसे में छवि सुधारने और व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए क्या प्रयास होंगे?**

**उत्तर:** विष्णुदेव साय सरकार आने के बाद से ही इस दिशा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अध्यक्ष पद संभालने के बाद मैंने कोशिश की है कि लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतर सकें। तस्करी, कोचियागिरी और ओवररेटिंग जैसे भ्रष्टाचार पर रोक लगाई गई है। पहले तो सरकार स्वयं इन घोटालों



में शामिल थी। अब हम अपनी ही सरकारी दुकानों पर छापे मार रहे हैं, जो पारदर्शिता की मिसाल है। हमारी मंशा साफ है। गड़बड़ियों को रोकने के लिए समय-समय पर कार्यों की समीक्षा आवश्यक है और हम वही कर रहे हैं।

**प्रश्न: बस्तर समेत कई इलाकों में आदिवासी परिवार महुआ से शराब बनाते हैं। क्या इसे बाजार उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक लाभ दिया जा सकता है?**

**उत्तर:** बस्तर और सरगुजा अंचल में आदिवासी

*...शेष अंतिम पृष्ठ पर*

### सार बातें

### प्रदेश में धर्मांतरण के बढ़ते मामले,पुलिस 100 से अधिक लोगों से कर रही पूछताछ

## धर्मांतरण को लेकर बजरंग दल ने किया विरोध प्रदर्शन

**दुर्ग,21 जुलाई।** दुर्ग ज़िले के जामुल थाना क्षेत्र स्थित कैलाश नगर में रविवार को धर्मांतरण के आरोप को लेकर बड़ा बवाल हो गया. बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक चर्च के बाहर पहुंचकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक चर्च के बाहर पहुंचकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रार्थना सभा की आड़ में लोगों का धर्मांतरण करवाया जा रहा है. इसको लेकर चर्च के सामने जमकर नारेबाजी की गई और संगठन के सदस्यों ने वहीं बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया. दरअसल हंगामे की सूचना मिलते ही जामुल पुलिस मौके पर



पहुंची. पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए चर्च में मौजूद लगभग 100-150 लोगों को एक बस में बैठाकर थाने ले गई. वहां इन सभी से पूछताछ की जा रही है. पुलिस का कहना है कि चर्च में उपस्थित लोग घासीदासनगर और आसपास के अन्य इलाकों से आए हुए थे. जांच में यह भी सामने आया कि मौके पर खड़ी कई गाड़ियां जिले के बाहर की थी. छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, और अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है कि वास्तव में धर्मांतरण किया जा रहा था या

### प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण का आरोप

**बिलासपुर**. छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर से प्राथना सभा की आड़ में धर्मांतरण कराने का मामला सामने आया है. गीतांजलि सिटी फेज-2 में अवैध रूप से संचालित कथित चर्च में लोगों को प्रलोभन देकर उनका धर्म परिवर्तन का आरोप है. मामले में स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद पुलिस ने सरकारी महिला टीचर और उसके बेटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है. पूरा मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक, जहां गीतांजलि सिटी फेज-2 में एक कथित अवैध चर्च में प्रार्थना सभा की आड़ में 20 से 25 महिलाओं और बुजुर्गों को प्रलोभन देकर उनका धर्म परिवर्तन का आरोप है. स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद मामला सामने आया. पुलिस को शिकायत की गई.

## ऑपरेशन सिंदूर पर राजनीति करना राष्ट्रहित के विरुद्ध

**रायपुर/नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन ऑपरेशन सिंदूर जैसे गौरवपूर्ण सैन्य अभियान पर विपक्ष द्वारा किए गए हंगामे को लेकर रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। सांसद अग्रवाल ने कहा कि "ऑपरेशन सिंदूर" भारत की सैन्य पराक्रम, रणनीतिक सूझबूझ और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। यह अभियान भारत की वैश्विक साख को मजबूत करने वाला और हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाला रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे ऐतिहासिक और संवेदनशील विषय पर विपक्ष द्वारा संसद में अनावश्यक हंगामा और शोर-शराबा करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निराशाजनक है। देशहित से ऊपर राजनीति करना विपक्ष की दुर्बल मानसिकता को दर्शाता है।



## एक नजर

### चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



भिलाई, 21 जुलाई। भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के धारदार बटन चाकू लहराकर आम लोगों को डराने वाले निगरानी बदमाश को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है सुपेला थाने पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बटनदार चाकू बरामद कर उसके खिलाफधारा आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि देशी शराब भट्ठी के पास बटनदार लोहे का धारदार चाकू हाथ में लेकर लोगों को धमका रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में अपना नाम रोशन यादव ;30 वर्षद्ध निवासी राजीव नगर सुपेला बताया आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार चाकू बरामद किया है पुलिस आरोपी के विरुद्ध धारा 25ए 27ए आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया है

### सेलून संचालक पर हमला करने वाले तीन आरोपी पकड़े गए

भिलाई, 21 जुलाई। भिलाई सेलून संचालक पर चाकू से हमला करने वाले तीन आरोपियों को खुर्सीपार पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने बताया कि संचालक सोनिया गांधी नगर खुर्सीपार निवासी मोहम्मद अपरान के दुकान में आरोपी मो. जफर, मनीष सिन्हा, कृष्णा राजभर पहुंचे शराब पीने के लिए आरोपियों ने संचालक से रुपए का डिमांड किया। रुपए नहीं देने पर हमला फरार हो गए आरोपी मो. जफर ने अपने पास रखे चाकू से पीड़ित पर हमला किया पुलिस ने जफर, कर मनीष, कृष्णा राजभर को गिरफ्तार किया गया है आरोपियों रो न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### गांजा बेचते दो गिरफ्तार



भिलाई, 21 जुलाई। भिलाई पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र के अवैध रुप से गांजा बेचते हुए दो लोगों को पद्मनाभपुर थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 20 ख 27 क एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है पद्मनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि रविशंकर स्टेडियम दुर्ग मानस भवन के पीछे अवैध रूप से नशीला मादक पदार्थ गांजा बिक्री करते हुए आरोपी अंतगुरू नागेश के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 1.300 किलोग्राम एवं 01 नग मोबाइल तथा आरोपी चंदन सोनी 32 सालके कब्जे से मादक पदार्थ गांजा बिक्री रकम 300 रुपए व एक नग रेडमी कंपनी का मोबाइल बरामद किया है।

### विकास कार्यों की स्वीकृति पर महापौर ने मंत्री साव का जताया आभार

दुर्ग, 21 जुलाई। नगर पालिक निगम दुर्ग की महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने शहर के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत राशि को लेकर उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। महापौर ने एमआईसी सदस्यों और पार्षदों के साथ मंत्री श्री साव के निवास पर सौजन्य भेंट कर नगर के प्रति उनकी संवेदनशीलता और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।महापौर ने कहा कि मंत्री श्री साव द्वारा दिए गए सहयोग से शहर के अधूरे कार्यों को गति मिलेगी और आम नागरिकों को शीघ्र सुविधाएं प्राप्त होंगी।इस अवसर पर महापौर श्रीमती बाघमार ने मंत्री श्री साव की धर्मपत्नी श्रीमती मीना साव से भी शिष्टाचार भेंट कर उन्हें आगामी 2 एवं 3 अगस्त को आयोजित दो दिवसीय ÷सावन महा-उत्सव÷ में सादर आमंत्रित किया।महापौर ने कहा कि राज्य सरकार के निरंतर सहयोग से नगर निगम नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास कर रहा है, और निकट भविष्य में शहर की तस्वीर और अधिक निखरेगी।इस दौरान एमआईसी सदस्य श्री देव नारायण चन्द्राकर, श्री नरेंद्र बंजारे, श्री ज्ञानेश्वर ताम्रकर, श्री नीलेश अग्रवाल तथा पार्षद श्रीमती रंजीता पाटिल, श्रीमती सावित्री दमाहे, श्रीमती सरिता चन्द्राकर, पूर्व पार्षद श्रीमती ममता देवांगन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### खरीफ 2025 हेतु दुर्ग संभाग में मांग के विरूद्ध 80 प्रतिशत उर्वरक उपलब्ध

दुर्ग, 21 जुलाई । दुर्ग संभाग में अच्छी बारिश होने के कारण खरीफ 2025 में फसलों की बोनी का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। धान की रोपाई का कार्य जारी है। खाद, बीज की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित किये जाने हेतु कृषि विभाग द्वारा बीज एवं खाद के भण्डारण वितरण की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है।

संयुक्त संचालक कृषि के अनुसार दुर्ग संभाग में अप्रेल 2025 से 18 जुलाई तक मांग के विरूद्ध 80 प्रतिशत उर्वरक उपलब्ध कराया जा चुका है। यूरिया 99362 मे. टन, डीएपी 33856 मे. टन, एसएसपी 66818 मे. टन, पोटाश 26405 मे. टन एवं एनपीके 46079 मे. टन मार्कफेड द्वारा संभाग के डबल लॉक एवं सहकारी समितियों में भण्डारित कराया गया है। कुल 272519 मे. टन उर्वरक उपलब्धता के विरूद्ध 216908 मे. टन का किसानों को वितरण कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा चुका है।

आगामी 2-3 दिनों में यूरिया 5199.59 मे.टन एवं डीएपी 1350 मे. टन संभाग के विभिन्न जिलों को प्रदाय करने हेतु रेक लगने वाली है।इस वर्ष डीएपी खाद की उपलब्धता सीमित होने के कारण किसानों को वैकल्पिक खाद के रूप में एसएसपी और एनपीके खाद

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना ने युवाओं के लिए खोले संभावनाओं के द्वार : सीएम



भिलाई, 21 जुलाई। विश्व युवा कौशल उत्सव के समापन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर रूंगटा यूनिवर्सिटी ने वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नया कीर्तिमान दर्ज किया, जिससे न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे प्रदेश के युवाओं को कौशल विकास क्षेत्र में एक नई दिशा मिली है। 25 युवाओं को स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रशस्ति पत्र देकर मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह आयोजन इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गया है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की टीम यहां आई है और उन्होंने यहां 8,183 प्रतिभागियों को एक सप्ताह के भीतर दिये गये प्रशिक्षण के लिए इसे प्रमाणित कर इसका सर्टिफिकेट संस्था को प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने रूंगटा विश्वविद्यालय प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि प्रबंधन ने प्रशिक्षण का यह आयोजन पूरा निःशुल्क किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर और हुनरमंद बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। भिलाई को इस्पात नगरी के साथ ही मिनी इंडिया भी कहा जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में रूंगटा यूनिवर्सिटी का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने 25 वर्षों में हर क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास किया है और इस वर्ष को हम रजत जयंती वर्ष के रूप में मना रहे हैं। आज छत्तीसगढ़ में 15 मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपलआईटी, सिपेट, एम्स, और लॉ यूनिवर्सिटी जैसे राष्ट्रीय संस्थान मौजूद हैं। हमारे राज्य ने शिक्षा ही नहीं, स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बड़ी प्रगति की है। पिछले डेढ़ साल में हम सुशासन स्थापित करने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। शासन को पारदर्शी बनाने के लिए अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन कर दी गई हैं, जिससे भ्रष्टाचार के रास्ते बंद हुए हैं और राजस्व वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा से समृद्ध प्रदेश है और राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण के लिए काम कर रहे हैं और यह इतना बड़ा कार्य है कि इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है

## गो धन को दुर्घटना से बचाने रिसाली निगम ने चलाया अभियान



रिसाली। बारिश में सड़क पर बैठी मवेशियों से होने वाली दुर्घटना से बचने नगर पालिक निगम ने रविवार को अभियान चलाया। आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर दर्जन भर मवेशियों को पकड़ा गया। इस कार्य में 8 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बारिश के समय गो धन अक्सर सड़क के बीच में बैठ जाते हैं।

गई बार बारिश की वजह से स्ट्रीट लाइट बंद भी रहती है। सड़क पर मवेशी होने से दुर्घटनाएं भी लगातार हो रही हैं। यही वजह है कि रिसाली आयुक्त के निर्देश पर निगम कर्मचारियों ने मुख्य मार्गो से गाय, बैल व बछड़े को पकड़ कर अवरुद्ध मार्ग को ठीक किया। इसके अलावा दर्जन भर मवेशियों को सड़क से खदेड़ा। आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर निगम कर्मचारी दशहरा मैदान में एकत्र हुए। इसके बाद बीएसपी मार्केट रिसाली और टाउनशिप के सड़कों पर बैठी मवेशियों को हटाया। बाद में कृष्णा टॉकीज रोड से धनोरा रेलवे फाटक पर बैठी मवेशी को कर्मचारियों ने पकड़ा।

## अस्मिता खेलो इंडिया सिटी लीग का शुभारंभ, योगासन स्पोर्ट्स की शुरुआत




भिलाई, 21 जुलाई। अस्मिता खेलो इंडिया सिटी लीग के अंतर्गत योगासन स्पोर्ट्स का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में सांसद बघेल ने कहा कि योग आज भारत से निकलकर विश्व पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और खेलों का भी समग्र विकास हो रहा है। समाज को भी आगे बढ़कर प्रतिभाओं को निखारने में सहयोग करना चाहिए, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां अपार संभावनाएं हैं। समारोह में योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिंह, मधुसूदन, योद्धा धर्म साहू, अभय खनन समेत जिलेभर के योग संस्थानों से जुड़े अनेक प्रबुद्ध जन एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## चिन्हारी रजत जयंती वर्ष में सांसद विजय बघेल हुए सम्मानित



भिलाई, 21 जुलाई। साहित्य, कला और संस्कृति की बहुआयामी संस्था चिन्हारी साहित्य समिति द्वारा आयोजित रजत जयंती वर्ष सम्मान एवं पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन सिविक सेंटर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ब्राजील में संपन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए सांसद विजय बघेल को चिन्हारी रजत जयंती वर्ष सम्मान 2025 से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गई। अतिथियों का स्वागत शाल श्रीफल माता कौशल्या की फोटो फ्रेम और धान की बाली भेंट कर किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि थे आचार्य डॉ. अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी, अध्यक्षता सांसद विजय बघेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अलका वाघमर, महापौर दुर्ग, प्रो. राजकुमार सचदेव, स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय, बिलासपुर, डॉ. राजेश श्रीवास, पूर्व अध्यक्ष, हिंदी अध्ययन मंडल, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, डॉ. विद्यावती चंद्राकर, विभागाध्यक्ष, हिंदी, छत्तीसगढ़ भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग एवं इतिहासकार डॉ. शांतिकुमार कैवर्त्य उपस्थित रहे। अपने वक्तव्य में डॉ. विद्यावती चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान राम की ननिहाल भूमि है, माता कौशल्या की जन्मस्थली कोसला (पामगढ़ के समीप) आज भी विकास और पर्यटन की दृष्टि से उपेक्षित है। शासन को चाहिए कि वहां माता कौशल्या का भव्य मंदिर बनवाया जाए। डॉ. राजेश श्रीवास ने कहा कि हम वह लोग हैं जिनकी सुबह राम राम से होती है, पर राम के ननिहाल में माता वृद्धाश्रम की स्थिति में न रहें, इसका संकल्प लेना होगा। महापौर अलका वाघमार ने माता कौशल्या मंदिर की मांग दोहराते हुए कहा कि यह छत्तीसगढ़ की अस्मिता का सवाल है। सांसद विजय बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ उसी समय चिन्हारी की भी स्थापना हुई। भगवान राम की अंगूठी जिस प्रकार माता सीता को चिन्ह के रूप में दी गई, वैसे ही छत्तीसगढ़ को यह सौभाग्य मिला है। हमें माता कौशल्या के भव्य मंदिर के निर्माण की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। यह हमारा कर्तव्य है और यह काम हम सब मिलकर करेंगे।

## एसबीआई का योनो ऐप अपडेट करने का झांसा देकर दो लोगों से ठगी की

भिलाई, 21 जुलाई। भिलाई शहर में दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एसबीआई का योनो ऐप अपडेट करने का झांसा देकर दो लोगों से ठगी की गई है पहली घटना सुपेला और दूसरी जामुल थाना क्षेत्र की है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में धारा 318.4 बीएनएस के 1 तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया है सुपेला पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर पश्चिम निवासी राजेश कुमार पाण्डेय ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका सेक्टर 04 स्थित एसबीआई बैंक में सेविंग अकाउंट है। 26 जून की सुबह उसके . मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि वह योनो ऐप से बोल रहा है आपने योनो एसबीआई ऐप को डाउनलोड करने के लिए सर्च किया है। इस पर उसने बताया कि उसके मोबाइल में योनो ऐप थाए लेकिन बाद सपोर्ट नहीं कर रहा था। इसके चलते उसने उसे डिलीट कर दियाजवाब में उसने कहा कि नया ऐप आया है। वह डाउनलोड हो जाएगा। इसके बाद उसने उसके वाट्सएप नंबर पर ऐप का लिंक भेज दिया। ऐप डाउनलोड करने के अपनी डिटेल भर दी। इसके बाद कॉल करने वाले ने कहा कि एक ओटीपी आएगा। वह उसे बताना होगा। शंका होने पर मोबाइल बंद कर दिया और बैंक में जाकर कॉलर के संबंध में जानकारी लेने पहुंचा। इस बीच बिना उसके ओटीपी बताए खाते से बैलेंस कटने का मैसेज आ गया। 27 जून को बैंक जाकर पता करा तो खाते से एक लाख 90 हजार रुपए ट्रांसफर होने की जानकारी मिली इसके बाद उसने साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा दी। वहां से जानकारी मिली कि उसके खाते से पैसा कई खातों में ट्रांसफर किया गया इसके बाद कोलकाता में एटीएम से निकाल लिया गया दूसरी घटना जामुल थाना अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड रमाशंकर पाण्डेय 85 वर्ष के साथ हुई। प्रार्थी ने जामुल थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कोलरी माईंस सिंगरौली मध्य प्रदेश से मैनेजर से सेवानिवृत्त है। 18 जुलाई की दोपहर करीबन 2०27 बजे उसकी एसबीआई बैंक के खाते से 2.80 लाख रुपए की रकम ट्रांसफर कर ली। वह अपने मोबाइल पर बैंक का योनो एप को अपडेट कर रहा थाए लेकिन एप अपडेट नहीं हुआ। इस बीच उसे एक कॉल आया उसने अपने आप को योनो का कस्टमर बताया कहा कि आप योनो अपडेट कर रहे हैं। जवाब में उसके हां बोलने पर उसका आधार और बैंक आकाउंट नंबर मांगा इसके बाद उसके बैंक से दो लाख अस्सी हजार रुपए निकलने का मैसेज आ गया।इस पर वह तत्काल हाउसिंग बोर्ड स्थित बैंक शाखा गया जहां साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके कंपलेन दर्ज करा दी है ।

## आईटीआई के छात्रों ने कबाड़ से बनाया गिटार

भिलाई, 21 जुलाई। पावर हाउस स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई के छात्रों ने सालों से पड़े हुए कबाड़ को कलाकृति में तब्दील कर दिया है। प्रिंसिपल तुषारकांत सतपुते के निर्देशन में रेलवे के कलाकार अशोक देवांगन के मार्गदर्शन में 15 फीट ऊंची गिटार का निर्माण किया गया। वेल्डिंग में आईटीआई कर रहे छात्रों के 2 अलग अलग बैच ने 2 अलग अलग गिटार का निर्माण किया। जो देखने में बड़ा ही सुन्दर लग रहा है। इससे पहले अशोक देवांगन ने रेल्वे के अप्रेंटिस कर रहे हज़ारों छात्रों को प्रशिक्षण दे चुके हैं। उनकी बनाई हुई कलाकृति देश भर के विभिन्न रेल्वे कारखानों में सुसज्जित है। वे विगत 15,20 वर्षों से लोहे के स्क्रैप पर काम कर रहे हैं। उनकी बनाई हुई कलाकृतियों को लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड, व गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया है। आईटीआई छात्रों को यहां वे निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। गिटार निर्माण में प्रशिक्षण अधिकारी पंकज बेलचंदन व अन्य प्रशिक्षण अधिकारियों का भी महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। गिटार को रंग रोगन कर इसे भिलाई शहर के किसी अच्छे स्थल पर लगाया जाएगा।

## आयुष्मान में फर्जी क्लेम को रोकने कलेक्टर ने सीएमएचओ और बीएमओ को निगरानी के दिए निर्देश

कोरबा, 21 जुलाई। कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों-वयोवृद्ध शिविर, मलेरिया,कुष्ठ, सिकलसेल जॉच, आयुष्मान कार्ड, एचआरपी, मातृस्वास्थ्य, प्रसव, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार कल्याण, एनसीडी, एनक्यूएएस, आयुष, आरबीएसके, एनआरसी दवाओं की उपलब्धता एवं कार्यक्रमों की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। बरसात के मौसम में डेंगू और मलेरिया फैलने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर श्री वसंत ने शहरी क्षेत्रो में नगर निगम से समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीबी और कष्ठ रोग की समीक्षा के दौरान कहा कि अभियान चलाकर ऐसे मरीजों को चिन्हित किया जाएं और जांच कराकर उन्हें समय पर उपचार और दवा प्रदान करना सुनिश्चित करें। एक्सरे एवं अन्य उपकरण जेम से खरीदते समय ध्यान रखें की गुणवत्तापूर्ण तथा प्रचलित रेट पर खरीदा जावे ।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान भारत की समीक्षा की और निर्देश दिए छूटे हुए लोगों का आधार अपडेट के साथ ही सात दिवस के भीतर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएं। उन्होंने कार्य नहीं करने वाले कर्मचारियों को निलंबित करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। कलेक्टर ने विकासखंड स्तर पर प्रायवेट चिकित्सालयों के आयुष्मान में फर्जी क्लेम की निगरानी बीएमओ को करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में फर्जी क्लेम नहीं होना चाहिए। उन्होंने सीएमएचओं को निजी अस्पतालों के क्लेम पुटअप करने के निर्देश दिए।

## जीई फाउंडेशन ने दिव्यांग बच्चों को दिए स्कूल बैग, पेन और नोटबुक



भिलाई, 21 जुलाई । समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल करते हुए सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन ने विशेष आवश्यकता वर्ग वाले बच्चों को निःशुल्क स्कूल बैग, नोटबुक और पेन का वितरण किया। शिक्षण सामग्री मिलने पर विशेष बच्चों के चेहरे खिल उठे और सभी ने अपनी पढ़ाई पूरी करने का वादा किया। कार्यक्रम में बौद्धिक दिव्यांग, श्रवण बाधित, अस्थिबाधित, अल्प दृष्टि बाधित, मस्तिष्क पक्षाघात और सीखने की क्षमता में कमी से प्रभावित बच्चे लाभान्वित हुए। फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य इन विशेष बच्चों को शिक्षा में समान अवसर देना और उनके आत्मविश्वास को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्यों के माध्यम से शिक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता निभाता रहेगा। जीई फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए समग्र शिक्षा से जिला परियोजना समन्वयक सुरेंद्र पांडेय ने कहा कि समावेशी शिक्षा को मजबूती देने की दिशा में यह एक सराहनीय प्रयास है, जिससे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा प्रणाली से जोड़ने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज इन बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और आत्मविश्वास की झलक इस बात का प्रमाण है कि यदि सही सहयोग और संसाधन मिलें, तो हर बच्चा अपनी क्षमताओं को पूरी तरह विकसित कर सकता है। कार्यक्रम में सहायक समन्वयक आई.के रामटेके, यूआरसी-श्रीमती किरण चंदवानी, बीआरसी श्रवण कुमार सिन्हा,चन्द्र किरण दुबे, पुष्पा भट्टाचार्य, खुमति उईके, इतिदास गुप्ता, माया डोमरे, दुर्गा साहू और उत्तम चंद्रवंशी तथा जीई फाउंडेशन से सुरुचि टावरी, अनुपमा मेश्राम, मोनिका सिंह, विशाखा मनगुड़े, प्रकाश देशमुख व अजीत सिंह सहित शिक्षकों, अभिभावकों और सामाजिक संगठनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभी ने जीई फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## बिलासपुर जिले के दर्जनों कृषि केंद्रों में छापामार कार्रवाई



बिलासपुर, 21 जुलाई। बिलासपुर जिले के दर्जनों कृषि केंद्रों में छापामार कार्रवाई मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किसानों को उचित दाम पर गुणवत्ता युक्त खाद मुहैया कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। साथ ही अमानक एवं खाद-बीज की कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए है। इसी तारतम्य में बिलासपुर जिले के कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिला स्तर पर अधिकारियों की टीम गठित कर खाद-बीज विक्रय केंद्रों में आकस्मिक निरीक्षण करने को कहा है। बिलासपुर के जिले के कृषि विभाग के उप संचालक श्री पीडी हथेश्वर के नेतृत्व में उड़न दस्ता दल ने विकासखण्ड-कोटा और बिल्हा में दर्जनों पर कृषि केन्द्रों पर छापामार कार्रवाई की। छापामार कार्यवाही के दौरान आधा दर्जन कृषि केंद्र में नियम विरूद्ध व्यवसाय करने पाये जाने पर नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा गया है। वही औचक निरीक्षण के दौरान मेंसर्स किसान सेवा केन्द्र तखतपुर के फर्म में कमी एवं अनियमितताओं के कारण नोटिस जारी कर जवाब चाहा गया था, संबंधित के द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक प्राप्त नहीं होने के फलस्वरूप उनकी अनुज्ञप्ति को 15 दिवस के लिए निलबंन की कार्रवाई की गई है।बिलासपुर के उप संचालक कृषि ने बताया कि मेसर्स उन्नत कृषि केन्द्र रतनपुर में क्रेताओं को बिना बिल दिये उर्वरक का व्यवसाय किये जाने के कारण नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार मेसर्स शेखर कृषि केन्द्र कोनचरा को बिना आई.एफ.एम.एस, आई.डी के उर्वरक का व्यवसाय करते पाये जाने पर विक्रय प्रतिबंध कर उपलब्ध स्टॉक को जब्ती की कार्यवाही कर नोटिस जारी किया गया। ग्राम कोनचरा स्थित अतुल कृषि केन्द्र में अनियमितता पाये जाने के कारण गोदाम को सील करने की कार्यवाही किया गया। ग्राम मदनपुर विकास खण्ड बिल्हा अन्तर्गत मेसर्स राघवेन्द्र देवांगन के यहां मूल्य एवं स्कंध सूची का प्रदर्शन नहीं करने भंडारण वितरण की प्रतिवेदन नही भेजने, स्कंध एवं बिल संधारण नहीं करने के कारण विक्रय पर प्रतिबंध लगाकर स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

## आर्ट ऑफ लिविंग की सुदर्शन क्रिया नियमित जारी

अंवरी। श्री श्री रविशंकर जी द्वारा प्रतिपादित सुदर्शन क्रिया, एक विशेष प्रकार की श्वास टेक्निक है, जिसके कई लाभ हैं। यह तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में मदद करती है, साथ ही नींद की गुणवत्ता में सुधार करती है और ऊर्जा के स्तर को बढ़ाती है। यह मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता में भी सुधार करती है, और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करती है। यह सुदर्शन क्रिया विश्व भर में विख्यात है. इसके लाखों फोल्लोवर्स हैं. इसी कड़ी में अंचल में भी पवित्र सुदर्शन क्रियाकलाप नगरीकरण लेते हैं यहां भखारा, सिहाद, डोमा, कुरूद आदि में निरंतर फॉलो अप प्रोसेस होता है सिहाद के योग भवन में नियमित आयोजित होने वाले क्रिया में हितेंद्र साहू प्रशिक्षक, बसंत बैस प्रशिक्षक, डॉक्टर बनपेला,घनश्याम परिहार, विजय सोन, लीलाधर साहू, गोविन्द यादव, जीतेन्द्र तेलासी,नवल सोन,राम कृष्ण नेताम, वीरेंद्र बैस, हरख जैन पप्पू आदि सहित नियमित हिस्सा लेते हैं. आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था अन्य सामाजिक प्रकल्प जैसे नाड़ी रोग चेक अप, वृक्षारोपण, सत्संग में भी आगे आकर कार्य करता है. सुदर्शन क्रिया के कुछ प्रमुख लाभ इस प्रकार हैतनाव और चिंता में कमी सुदर्शन क्रिया शरीर में तनाव हार्मोन, कोर्टिसोल के स्तर को कम करके तनाव और चिंता को कम करने में मदद करती है।

# नपाध्यक्ष ने भोरमदेव मंदिर परिसर में झाडू लगाकर स्वच्छता का दिया संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कवर्धा,21 जुलाई। कवर्धा-नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में स्वच्छता संकल्प की परिकल्पना को आगे बढ़ाते हुए भोरमदेव मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत अध्यक्ष एवं उनकी टीम ने स्वयं श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर, गलियारों, कांवरिया मार्ग एवं मंदिर के अंदरूनी हिस्सों की सफाई की।

नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और लोगों को अपने धार्मिक स्थलों की सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था। श्रमदान के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता का संदेश फैलाने और इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है। भोरमदेव जैसे पवित्र स्थलों की सफाई हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।÷ इस पवित्र श्रावण मास में छत्तीसगढ़ सहित आसपास के हजारों श्रद्धालु कांवड़ लेकर बाबा भोरमदेव का दर्शन करने पहुंचते है और अपनी मनोकामना के लिए बाबा से अर्जी लगाते है बाबा भोरमदेव भगवान सभी का मनोकामना पूर्ण भी करते है।स्वच्छता एवं जनजागरूकता की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में भोरमदेव मंदिर परिसर में चलाए गए स्वच्छता अभियान के दौरान अध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने बताया की कि श्रावण मास के प्रत्येक रविवार को मंदिर परिसर में सफाई कर श्रमदान किया जाएगा। उन्होंने कहा, श्रावण मास शिवभक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है, और इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। यह न सिर्फ भक्ति का प्रतीक है, बल्कि स्वच्छता के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का माध्यम भी है।

### श्रावण मास के बाद फिर से तालाबो में होगा श्रमदान

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जल संरक्षण की दिशा में भी गंभीर पहल की जा रही है हमारी टीम द्वारा अब तक 14 रविवार को तालाबो में श्रमदान किया जा चुका है श्रावण मास के बाद तालाबों की सफाई का कार्य आरंभ किया जाएगा, ताकि वर्षा जल का संरक्षण बेहतर ढंग से किया जा सके और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ जल स्रोत उपलब्ध हो सकें। श्रमदान में नगर पालिका अध्यक्ष के साथ जिला पंचायत के उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति दुर्गेश अवस्थी, बिहारी राम धुर्वे, अजय ठाकुर, पार्षद डोनेश राजपूत, योगेश चन्द्रवंशी, दीपक सिन्हा, मनीषा साहू, सुरेंद्र पांडे, अनिल साहू, केशरीचंद सोनी, हरीश साहू सहित अधिक संख्या में अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

एक नजर

## मिस्टर, मिस व मिसेज सीजन 3 प्रतियोगिता आयोजन 3 को



**रायपुर, 21 जुलाई।** स्थानीय रायपुर में फैशन के दुनिया की नामी संस्था निहार,प्रोडक्शन के अगला कदम आगामी 3 अगस्त को ग्रैंड फिनाले के तहत प्रदेश के युवकों-युवतियों एवं श्रीमती की ,सौंदर्य प्रतिस्पर्धा का आयोजन वुड केसल होटल में शाम 5 बजे से आयोजित की गई है। इसकी विस्तृत जानकारी निहार प्रोडक्शन के आयोजक नेहा पटेल ने बताया कि फैशन शो में आज 20 जुलाई को प्रदेश से आए हुए प्रतिभागियों का दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक वुड केसल ऑडिटोरियम में मिस्टर, मिस,मिसेज़ का फाइनल ऑडिशन किया गया जिसमें 3 केटेगरी में 50 प्रतिभागियों का फाइनल चयन किया गया। मिस केटेगरी में वर्ग में मीडियम व वर्ग बी केटेगरी में प्लस 17 वर्ष 40 वर्ष वहीं मिसेज़ में 2 केटेगरी में 5.3 हाइट एवं 5.3 हाइट से ऊपर रखा गया है चयन के पश्चात आगामी 1 अगस्त को चयनित प्रतिभागियों का ग्रूमिंग सेक्शन की प्रक्रिया प्रारंभ होटल के परिसर में किया जाएगा। अंतिम ग्रैंड फिनाले 3 अगस्त को शाम 5 बजे से रखा गया है।

## 36 उत्कृष्ट एमएसएमई उद्यमी गौरव अवार्ड से सम्मानित




**रायपुर, 21 जुलाई।** राजधानी में मेगा एमएसएमई एंटरप्रेन्योर्स ,गौरव अवार्ड की मेज़बानी कर रहे होटल मैरियट में आयोजित गौरव रत्न सीमित आमंत्रण वाले कार्यक्रम में राज्यभर के 36 उत्कृष्ट एमएसएमई उद्यमियों को 7 श्रेणियों में विशेष अतिथि अमर परवानी ने सम्मानित किया। स्टार्टअप, रिटेल, ट्रेडिंग, मैन्युफैक्चरिंग, सर्विसेस, स्पेशल अचीवमेंट, और सक्सेस स्टोरी के अलावा, एक विशेष सम्मान गौरव रत्न' छत्तीसगढ़ के प्रियंक पटेल (नुक्कड़ टी कैफे) को प्रदान किया गया। आयोजन का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि राजीव अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। यह आयोजन लर्निंग बैगर्स द्वारा प्रस्तुत और मिलेनियल नेटवर्क द्वारा रणनीतिक रूप से क्रियान्वित किया गया, जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ की उद्यमशीलता को राष्ट्रीय मानचित्र पर लाना है। 300 से अधिक नामांकनों में से, एक निष्पक्ष मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से 36 उद्यमियों को उनके नवाचार, प्रभाव और नेतृत्व के लिए चुना गया।

## ग्रामवासियों ने किया मना तो कोतवाली पुलिस ने किया मृतका का अंतिम संस्कार



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 21 जुलाई।** थाना सिटी कोतवाली के अंतर्गत जिला अस्पताल बलौदाबाजार बाजार में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक नेतराम साहू एवं आरक्षक कामदेव गायकवाड द्वारा मानवता का परिचय देते हुए एक मृत महिला का संपूर्ण विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया। ग्राम शुक्लाभाटा निवासी मृतिका महिला जूगाबाई धृतलहरे उम्र 75 साल दिनांक 05.04.2025 को अपने इलाज हेतु जिला अस्पताल बलौदाबाजार में भर्ती हुई थी, जिसका इलाज के दौरान दिनांक 18.07.2025 को मृत्यु हो गया। उक्त महिला के संबंध में ग्रामवासियों, ग्राम सरपंच आदि से संपर्क करने पर उनके द्वारा महिला से किसी प्रकार का भी रिश्ता नहीं होना बताया गया। साथ ही उनके द्वारा मृतिका महिला के कफ़न-दफ़न में भी किसी प्रकार का सहयोग नहीं किया गया, जिस पर से नेतराम साहू एवं कामदेव गायकवाड द्वारा उक्त मृतिका महिला का अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात दिनांक 19.07.2025 को दोनों पुलिस स्टाफ के द्वारा सम्मान पूर्वक मृतिका महिला का अंतिम संस्कार कर कफ़न-दफ़न किया गया।

## शराब पीने की सुविधा देने वालों पर छापामार कार्रवाई

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 21 जुलाई।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 19.07.2025 को सायं क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्ठी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले तथा सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वाले कुल 10 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है।

**आरोपियों के नाम-** 1. शुभम धृतलहरे 2. उमा चेलक 3. छेदी दिव्य, 4. टिकेंद्र पैकरा, 5. दीपांशु पैकरा, 6. अहिल्या गेण्डरे, 7. जिवराखन कुर्रे, 8. सुंदर पाल, 9. बल्बराम शर्मा 10. कुम्हार निर्मलकर।

# पीएमश्री आत्मानंद स्कूल छुरिया के छात्र-छात्राएं खेल प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित




तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 21 जुलाई।** पीएम श्री आत्मानंद स्कूल छुरिया में खेल शिक्षक नहीं होने से यहां के प्रतिभावान खिलाड़ी 15 जुलाई से 23 अगस्त तक होने वाली विभिन्न खेलों के विकासखंड स्तरीय चयन प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित हो गए हैं जिससे छात्र-छात्राओं एवं पालको में भारी रोष व्याप्त है।

समिति द्वारा संविदा नियुक्ति का नवीकरण आगे नहीं करने का निर्णय लिया गया जिसके कारण व्यायाम शिक्षक संविदा रवि जैन की सेवा समाप्त कर दी गई जिसके बाद पीएम श्री आत्मानंद स्कूल छुरिया में किसी नए व्यायाम शिक्षा की भर्ती नहीं की गई ना ही यहां के प्राचार्य द्वारा किसी अन्य शिक्षक को इसका प्रभार दिया गया जिसके कारण यहां के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं विकासखंड स्तरीय खेल चयन प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित हो गए हैं.

पूर्व के वर्षों में पीएम श्री आत्मानंद स्कूल छुरिया से विभिन्न खेलो में प्रतिभावान खिलाड़ियों का सम्भाग तथा राज्य स्तरीय खेलों के लिए चयन हुआ था। इस बारे में जब पीएम श्री आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य धनेश सिन्हा से पूछा गया तो उन्होंने विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता की कोई जानकारी न होने तथा बोर्ड परीक्षा में व्यस्त होने की बात कही वहीं खेल शिक्षक के न होने पर किसी अन्य को प्रभार दिए जाने की बात पर किसी अन्य को इसका प्रभार नहीं दिया जाना बताया गया. इस प्रकार यहां के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का 1 साल बर्बाद हो गया जिसके कारण यहां के छात्र-छात्राओं एवं पालको में भारी रोष व्याप्त है। नाराज पालको ने शाला प्रबंधन को इसके लिए जिम्मेदार बताया है। राज्य शासन विभिन्न खेलों में तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है।

# लायंस टॉप टेन प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

## एसपी मोहित गर्ग ने सभी टापर्स बच्चों को दी बधाई



**राजनांदगांव, 21 जुलाई।** लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा प्रतिवर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह लायंस टॉपटेन आयोजित किया जाता है प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समाज सेवी लायन सुनील बरडिया द्वारा प्रायोजित यह कार्यक्रम मातुश्री स्व. संतोष बाई बरडिया जी स्मृति में गायत्री स्कूल में संपन्न हुई । लायंस क्लब के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल ने कहा कि सेवा की राह में 2025-26 कदम आगे बढ़ाते हुए लायस म्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा पाँचवां सफलतापुर्वक कार्यक्रम समापन हुआ। इस आयोजन में गायत्री विद्या पीठ के बालक एवं बालिका वर्ग कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं टॉप टेन में आए प्रतिभावान बच्चों को शील्ड, मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को गायत्री स्कूल के चेयरमैन बृजकिशोर सुरजन के द्वारा स्वागत कर मंच पर आसीन किए जिला पुलिस अधीक्षक IPS मोहित गर्ग ने सभी टापर्स बच्चों को बधाई शुभकामनाएं प्रेसित किए। इस अवसर पर मुख्य रूप से रीजन चेयर पर्सन MJF लायन राजकुमार शर्मा, जोन चेयर पर्सन लायन शारदा तिवारी, अध्यक्ष लायन अमित खण्डेलवाल, टॉपटेन संस्थापक लायन सुनील बरड़िया, सचिव लायन मयंक शर्मा, कोषाध्यक्ष लायन सुरेश शर्मा, टॉपटेन चेयरमेन लायन मनोज गुप्ता सहित लायंस क्लब के सम्मानीयगण,गायत्री विद्या पीठ सीजी-सीबीएसई, गायत्री विद्या मंदिर स्कूल की प्राचार्या, स्कूल शिक्षकगण एवं पालकगण जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने कांवरियों का किया स्वागत



**राजनांदगांव, 21 जुलाई।** नंदई चौक में कांवरिया का स्वागत किया गया। फूलों और महिलाओं से हर साल की तरह इस साल भी बागेश्वर धाम समिति के द्वारा भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई आज कांवरिया का स्वागत करने के लिए मुख्य रूप से विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जिला अध्यक्ष कोमल सिंह शामिल हुए और कांवरियों का फूलों से स्वागत किया गया और लाल बाग स्थित हेमु कलमणि गार्डन में आज एक पेड़ मां के नाम पौधा लगाया गया। डॉ रमन सिंह ने कहा पेड़ लगाना हर व्यक्ति के लिए बहुत आवश्यक है।

# कांग्रेस का आर्थिक नाकाबंदी-चक्काजाम 22 को

**राजनांदगांव, 21 जुलाई।** भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा सरकार कांग्रेस नेताओं पर द्वेषपूर्ण राजनीति करते हुए लगातार कार्यवाही कर परेशान किया जा रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निवास पर छापेमार कार्यवाही करते हुए उनके परिवार के खिलाफकी गई कार्यवाही, विपक्ष को जानबूझकर बदनाम किए जाने के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर 22 जुलाई को पूरे प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रमुख मार्गो पर आर्थिक नाकाबंदी-चक्काजाम किया जा रहा हैं। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस द्वारा अतिआवश्यक बैठक लेकर आर्थिक नाकाबंदी चक्काजाम करने का निर्णय लिया है। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश की भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला, प्रदेश के खनिज संपदाओं का लगातार दोहन किया जा रहा है, मामला उजागर होने पर भाजपा सरकार घबराकर ईडी को सामने रखकर कांग्रेस नेताओं पर लगातार कार्यवाही कर डराया व धमकाया जा रहा है। उक्त जनहित मुद्दों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर आगामी 22 जुलाई को पूरे प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी चक्काजाम किया जा रहा है। जिसको लेकर शहर व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में 20 जुलाई रविवार को सतनाम भवन में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में अतिआवश्यक बैठक लेकर आर्थिक नाकेबंदी चक्काजाम को सफल बनाने के संबंध में जिम्मेदारियां बांटी गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार इस चक्काजाम में स्कूली बस और एंबुलेंस को मुक्त रखा जाएगा।

## विधायक द्वारा सत्र में लगाया गया प्रश्न हास्यास्पद : रमेश हिड़ामे

**मोहला, 21 जुलाई।** आदिवासी समाज के प्रमुख एवं महाग्राम सभा के सदस्य रमेश हिड़ामे ने मानपुर विधायक ने मानसुन सत्र में अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वननिवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के तहत (क) (ख) (ग )(घ) प्रश्न लगाये,अच्छी बात है और लगाना भी चाहिये इन प्रश्नों को पढ़ने से प्रश्न (ग) से समझ आता है कि 16जून को महाग्राम सभा द्वारा की गयी सभा रैली की ओर इंगित होता है। लेकिन अक्षरशः जो प्रश्न लगा है वो सब तो हम आम जनों को पता है विधायक जी को जानकारी नहीं हो तो जिला प्रशासन से जानकारी ले सकते हैं या क्षेत्र की जनता को गुमराह करने सत्र में लगाये हों। यदि 16 जून 2025 की सभा रैली के हेतु मानसून सत्र में प्रश्न लगा था तो महसूस होता है कि विधायक को समझ ही नहीं है वो क्या कार्यवाही चाहते हैं? उनका प्रश्न ही हास्यास्पद है।



## ग्रामवासी एवं पंचायत जन प्रतिनिधियों की हुई संयुक्त बैठक

**भाटापारा, 21 जुलाई।** तहसील अंतर्गत ग्राम सेम्हराडीह में 19 जुलाई को समस्त ग्रामवासी एवं ग्राम पंचायत जन प्रतिनिधि का संयुक्त बैठक ग्राम के महामाया चौक में आहूत किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से ग्राम सभा प्रमुखों का नियुक्ति किया गया। अध्यक्ष प्रेम कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष तुलाराम मरकाम, सचिव पुनीत राम पटेल, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप ध्रुव, सदस्य रामखिलावन वर्मा, जयगोपाल यादव, संरक्षक जुड़ावन सिंह ध्रुव, तिहारु वर्मा, संतोष वर्मा, थूकेल ध्रुव को बनाया गया है। ग्राम पंचायत सरपंच ऋषि लक्ष्मण ध्रुव, उपसरपंच प्रतिनिधि अमरनाथ वर्मा, मोतीलाल मंडावी 'पंच' रामकुमार वर्मा, दुकलहा यादव, नेतराम यादव आदि ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत चुनाव के बाद पंचायत पदाधिकारी और ग्रामीणों के बीच सामंजस्य बनाए रखने के लिए वहां पर प्रत्येक 5 साल में ग्राम सभा के पदाधिकारी भी नियुक्त किए जाने नई परंपरा की शुरुआत किया गया हैं।

पूजा-अर्चना



**राजिम।** स्थित श्री कुलेश्वर महादेव मंदिर में प्रदेश के राजस्व खेल कूद मंत्री टंक राम वर्मा सपत्नीक महादेव के पावन दर्शनों कर पूजा अर्चना की इस अवसर पर साथ में राजिम विधायक रोहित साहू सहित राजिम क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और बीजेपी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# वार्ड-2 में सामुदायिक भवन के लिए हुआ भूमिपूजन



**तिल्दा-नेवरा. 21 जुलाई।** नगर पालिका परिषद तिल्दा के सभी वार्डो में बनने वाले सामुदायिक भवनों में दस लाख रूपये की लागत से बनने वाले प्रथम भवन के भूमि पूजन का कार्यक्रम वार्ड क्र.2 ओवरब्रिज के पास सासाहोली में सम्पन्न हुआ ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष श्री मति चंद्रकला डॉ खुमान वर्मा ,नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री मति पलक विकास सुखवानी ,भाजपा रायपुर ग्रामीण महामंत्री अनिल अग्रवाल , भाजपा रायपुर ग्रामीण उपाध्यक्ष राम पंजवानी जी ,नगर पालिका सभापति ईश्वर यदु मण्डल अध्यक्ष मनोज निषाद,महामंत्री सौरभ जैन ,पार्षद दिनेश साहू ,राजकुमार गेंड्रे ,अरविन्द वर्मा ,नविन केशरवानीतथा विनोद नेताम पार्षद वार्ड 02 के साथ कार्यक्रम में ग्राम जनप्रतिनिधिगण , अधिकारी कर्मचारी गण ,भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता ,भारी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित रहे।

# विधायक-महापौर ने वार्ड 37 में दी 1 करोड़ 8 लाख के विकास कार्यों की सौगात

**रायपुर, 21 जुलाई।** प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत ने नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे सहित नगर निगम सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, लोक कर्म विभाग अध्यक्ष और शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड क्रमांक 37 के पार्षद श्री दीपक जायसवाल, जोन 7 जोन अध्यक्ष श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा, नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग के अध्यक्ष श्री मनोज वर्मा, स्वामी आत्मानंद वार्ड के पार्षद श्री आनंद अग्रवाल सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों, बच्चों की उपस्थिति में रायपुर पश्चिम बिधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 7 अंतर्गत शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड क्रमांक 37 क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न 8 कार्यों का 1 करोड़ 8 लाख रूपये की स्वीकृत लागत वाले विभिन्न 8 नवीन विकास कार्यों का एकमुश्त लोकार्पण कर जनता को अनुपम सौगात दी है.आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयोजन में नए विकास कार्यों के लोकार्पण हेतु वार्ड 37 में सभी 8 विभिन्न स्थानों पर नन्ही कन्याओं का हल्दी कुमकुम लगाकर गृह प्रवेश करवाने की तर्ज पर जनता हेतु लोकार्पण किये जाने की पद्धति की चर्चा करते हुए प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत ने सराहा और कहा कि उन्होंने नन्ही कन्याओं को हल्दी कुमकुम लगाकर गृह प्रवेश करवाने द्वारा तर्ज पर लोकार्पण करवाने की पद्धति शासकीय कार्य में आज पहली बार देखी है. लोकार्पण हेतु ऐसी पद्धति नगर पालिक निगम रायपुर का एक सराहनीय कार्य है. महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड में 1 करोड़ 8 लाख के नए विकास कार्यों की एकमुश्त लोकार्पण सौगातें मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्री दीपक जायसवाल की सक्रिय और जागरूक कार्यशैली को सराहा. महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सभी नागरिकों को सावन के पवित्र मास की हार्दिक शुभकामनायें दीं.



# पूर्व माध्यमिक शाला शेरपार में वृक्षारोपण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 21 जुलाई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला-शेरपार में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि- चिंताराम नायक समाजसेवी जिला-मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, अध्यक्षता- कनक राम नागवंशी जनपद सदस्य मोहला तथा विशेष अतिथि- संजय देवांगन संकुल प्राचार्य व कुशल कुमार हदगिया संकुल समन्वयक के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिंताराम नायक (समाजसेवी जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी) ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए देश भर में वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम शुरू किया गया है, पेड़ पौधों की सुरक्षा के साथ-साथ इस अभियान के तहत वृक्षारोपण का कार्य भी किया जा रहा है। संजय देवांगन (संकुल प्राचार्य) व रमेश कुमार सलामें (प्रधान पाठक) ने कहा कि हम सब देख रहे हैं कि प्रत्येक वर्ष तापमान में वृद्धि हो रही है जिसका मुख्य कारण पर्यावरण में असंतुलन है इसलिए हम सब की जवाबदेही बनती है कि हम कम से कम एक वृक्ष लगाए और आने वाले पीढ़ी को भी इस वृक्षारोपण अभियान से जोड़ें। शंकर साहू (प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन) ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष किस प्रकार मानव के लिए आवश्यक है तथा यह प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह प्रत्येक वर्ष पौधे लगाकर उसकी देखभाल वह संरक्षण अवश्य करें। कुशल कुमार हदगिया (संकुल समन्वयक) व आरती साखरे (प्रधान पाठक) ने कहा कि पौधारोपण कार्य पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण है, पौधारोपण के इस पुनीत कार्य में एक पेड़ लगाकर एक कदम स्वच्छ हवा की ओर हम सभी अपना कदम बढ़ाएं। इस पौधारोपण अभियान में अपनी भागीदारी निभाने वालों में प्रमुख रूप से शाला प्रबंधन एवम विकास समिति माध्यमिक शाला के अध्यक्ष- रिशेश्वर लाल गनेंद्र, जगत राम साहू पूर्व संकुल समन्वयक, किशन यदु, खेदूराम लारिया, केशव साहू, आधार सिंह कुमेटी, कमलकांत नेताम, लता पटवा, पवनरेखा साहू, संतोष कुमार महोबिया, दीपक कुमार व स्कूली बच्चे आदि शामिल थे।




# गैंदाटोला मंडल भाजपा पदाधिकारियों ने किया विधानसभा का भ्रमण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छूरिया, 21 जुलाई।** खुज्जी विधान सभा क्षेत्र अंर्तगत गैंदाटोला मंडल के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया इस प्रेरणादायक भ्रमण के दौरान सभी सदस्यों ने न सिर्फ लोकतांत्रिक प्रक्रिया को करीब से जाना बल्कि पक्ष- विपक्ष के बीच जनहित में होने वाली चर्चाओं को सजीव रूप में देख और समझा यह सुखद अनुभव सभी के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं स्मरणीय रहा। सत्र समाप्ति के बाद माननीय विधानसभा सभा अध्यक्ष डाक्टर रमनसिंह जी के निर्देश पर जंगल सफारी, पुरखौती मुक्तांगन का भी भ्रमण सभी सदस्यों को करवाया गया। इस सुखद भ्रमण में मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू ,जिला पंचायत सभापति बीरम मंडावी , जनपद सभापति हेमिन साहू, मंडल महामंत्रीद्वय डोमेन पटेल,रामकुमार साहू, कोषाध्यक्ष हनीफ कुरैशी, उपाध्यक्ष कुमारसाय साहू,अंजनी शर्मा , सह कोषाध्यक्ष राजाराम साहू, मंत्री रीना कुलदीप, मंजू साहू , एस कुमार सिन्हा, सांस्कृतिक प्रभारी कीर्ति गंगासागर ,मीडिया प्रभारी चित्रांगन साहू, सह मीडियाप्रभारी गौरव अग्रवाल ,सोशल मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा,सह सोशल मिडिया प्रभारी लोकेंद्र ठाकुर, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुकृत साहू , जनपद प्रतिनिधि विष्णु साहू , सरपंच प्रतिनिधि गैंदलाल साहू ,खेमराज गंगा सागर की उपस्थिति रही इस सुखद भ्रमण के लिए विधानसभा अध्यक्ष माननीय डाक्टर रमन सिंह जी ,जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव जी , भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत जी,भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव जी का सभी सदस्यों ने आभार व्यक्त किया।



## संपादकीय

### इंडिया गठबंधन को तवज्जो नहीं

बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर इंडिया गठबंधन के विरोध को उच्चतम न्यायालय ने खास तवज्जो नहीं दी है, लेकिन कहा जा सकता है कि निर्वाचन आयोग के भी कान उमेठ दिए गए हैं।

न्यायालय ने आयोग को इस प्रक्रिया को पूर्ण करने से तो नहीं रोका लेकिन कहा कि किसी मतदाता की नागरिकता की जांच करना आयोग का नहीं अपितु गृह मंत्रालय का काम है। आयोग को इस प्रक्रिया में आधार, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने पर विचार करना चाहिए। पुनरीक्षण के समय पर भी न्यायालय ने सवाल उठाया। राज्य में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। उससे ठीक पहले पुनरीक्षण की जरूरत क्या थी। हालांकि एसआईआर को संवैधानिक दायित्व मानते हुए न्यायालय ने आयोग को एसआईआर जारी रखने की अनुमति दी है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मतदान के अधिकार को महत्त्वपूर्ण अधिकार करार देते हुए कहा, हम किसी संवैधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसका कर्त्तव्य है। पीठ ने एसआईआर का विरोध कर रहे पक्ष की सुनवाई की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए इस अभियान को चुनौती देने वाली 10 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 28 जुलाई की तारीख तय की है और आयोग से एक सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है। आयोग के इस कथन को पीठ ने रिकॉर्ड में लिया कि एसआईआर के लिए जिन 11 दस्तावेज पर विचार करना था, उनकी सूची संपूर्ण नहीं थी और आदेश दिया कि निर्वाचन आयोग आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड जैसे तीन दस्तावेज पर भी विचार करे। निर्वाचन आयोग के वकीलों के एतराज पर पीठ ने इसे अनिवार्य नहीं बताया लेकिन खारिज करने का ठोस कारण भी पूछा। पीठ ने एसआईआर को रोका नहीं क्योंकि 10 याचिकाकर्ताओं में किसी ने भी इसका अनुरोध नहीं किया था। हालांकि निर्वाचन आयोग संवैधानिक दायित्व के तहत ही पुनरीक्षण का काम कर रहा है, लेकिन जो 11 दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, वे सब लोगों के पास हों यह संभव ही नहीं है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपको अपने कानूनी मामलों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप अपने किसी काम को लेकर अनदेखी न करें। संतान की पढ़ाई-लिखाई में यदि कोई समस्या आ रही थी, तब वह भी दूर होगी। आपको अपने जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। राजनीति में कदम बढ़ा रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आप अपने अच्छी सोच से कार्यक्षेत्र में अपने बॉस की आंखों का तारा बनेंगे और आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी भी मिल सकती है। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी। करियर में आपको अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। आप अपने लेनदेन से संबंधित मामलों में लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। पारिवारिक रिश्तों में आपको समानता बनाए रखनी होगी। कार्यक्षेत्र में आप छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करें। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपका कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती है। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। आप अपने समय का सदुपयोग करें। आपको इधर-उधर बैठकर खाली समय व्यतीत करने से बचना होगा।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। मित्रों के साथ संबंधों में सुधार आएगा। व्यापार में आपको समझदारी दिखानी होगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपके धनधान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको किसी दूर रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप गरीबों की सेवा के लिए कुछ धन भी लगा सकते हैं।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। शासन प्रशासन का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने व्यापार को आगे ले जाने के लिए योजना बनानी होगी और किसी के साथ आप पार्टनरशिप करने से बचें। आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं, जिनको आपको पहचान की आवश्यकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों को उनके कामों से एक नई पहचान मिलेगी और वह जी तोड़ मेहनत करेंगे। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपकी कला कौशल में सुधार आएगा और आर्थिक स्थिति को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आपको शासन सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम शुरू कर सकते हैं। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। धार्मिक कामों के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी।

**तुला** आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, लेकिन आप अपनी शारीरिक समस्याओं को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं। वाहनों का प्रयोग आपको सावधान रहकर करना होगा और आप किसी को उधार देने से बचें। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपको अपने महत्वपूर्ण कामों को समय से निपटाने की आवश्यकता है। आप जीवनसाथी से वाद-विवाद में ना पड़ें।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा। आप अपने बिजनेस में पार्टनरशिप न करें, बहुत ही देखभाल कर करें। माताजी से आप कुछ पारिवारिक समस्याओं को लेकर बातचीत कर सकते हैं, क्योंकि वह आपकी टेंशनो को बढ़ाएंगी। आपने यदि किसी से कोई वादा किया था, तो उसे आपको समय रहते पूरा करने की आवश्यकता है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरी में आपको मनपसंद काम मिल सकता है।

**धनु** आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए ठीक-ठाक रहने वाला है, लेकिन उसमें किसी के कहने में आकर कोई जोखिम भरा काम ना करें। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आपका यदि कोई पहले का लेनदेन चल रहा था, तो वह भी दूर होता दिख रहा है। स्वास्थ्य के प्रति आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है। आपको अपनी पारिवारिक मामलों को घर में रहकर ही निपटना बेहतर रहेगा। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए मिलेजुले परिणाम लेकर आएगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको किसी बड़े लक्ष्य को पूरा करने की आवश्यकता है। मित्रों के साथ आपका विश्वास काफी गहरा रहेगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आप माताजी की सेहत को लेकर आप लापरवाही बिल्कुल ना करें। आप किसी यात्रा पर जाएंगे, तो वहां आप अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें।

**कुंभ** आज आपको किसी वाद-विवाद को करने से बचना होगा। आज कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कोई झूठा आरोप लगा सकता है, जिसमें आप अपनी बात अधिकारियों के सामने अवश्य रखें। आप कुछ नया सीखने के बाद पूरा ध्यान देंगे। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको किसी बात पर बहुत ही सोच विचारकर बोलने की आवश्यकता है। संतान के करियर को लेकर आप महत्वपूर्ण डिसीजन ले सकते हैं। आप जीवनसाथी से सलाह मशवरा करके चले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मीन** आज आपको परिस्थितियों को ध्यान में रखकर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। आप किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखें। बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध करने से आपकी समस्याएं बढ़ सकती है। बड़ों के प्रति आदर व सम्मान बना रहेगा। आपको वाहनों के तरफ से आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

स्वास्थ्य

# बूँदें बरसें तो उनके संग मुस्कुराएँ, पर सजगता की छतरी तले

डॉ. नीतीश शुक्ला



बरसाती बीमारियों उन दिनों को ज़रा याद करिए जब पसीने से तर बतर शरीर पानी कि एक एक बूंद को सोने से सौदा करने को तैयार था। बस एक ही इच्छा थी, मानसून अब और देरी न कर, अब बरस पड़। लू के थपेड़े अब और नहीं सहे जाते। किसी दिन खबर आती है कि इंद्रदेव की कृपा बहुत जल्द। फिर क्या आज का दिन है कि कहीं पर कृपा, कहीं कहर और हम मनुष्यों को देखो, अब भी संतुष्ट नहीं! इस वक्त भी मोल–भाव जारी है। ईश्वर सूर्य की एक किरण ज़रा मिल जाए तो इस कीचड़ से तृप्ति मिले!



अब इसमें हमारी ग़लती नहीं है। मानव शरीर की संरचना ही कुछ इस प्रकार हुई है कि प्राकृतिक चयन के क्रमागत विकास में इसे गर्म रक्त वाले जंतु के रूप में चुना गया है अंग्रेजी में warm blooded animals, क्रमागत इसलिए क्योंकि हमसे नीचे के जीव जैसे मेंढक, मछली, कीड़े आदि भी हैं जो ठंडे खून के प्राणी हैं। बस इसी प्रकृति के चलते बदलाव मनुष्यों को जल्दी नहीं भाता। हमें ढलना पड़ता है, प्रकृति के अनुसार। न ढलने पर हमें तकलीफ होगी। फिर इसे क्रमगत विकास क्यों कहा गया? इससे अच्छे तो हम मेंढक भले। मगर इस बात पर भी गौर करिए कि हमारी तकलीफ हमें ये ज्ञात कराती है कि किन चीज़ों से हमें परहेज करना है। उदाहरण के तौर पर बहुत गर्मी पड़ने पर, शरीर में पानी की कमी होने पर कमज़ोरी लगती है चक्कर आते हैं, इस तकलीफ से आप को एहसास होता है अब इस धूप से बचना होगा। फिर किसी छांव, कूलर या एसी का सहारा लेकर आप अपने शरीर के तापमान को नियंत्रित करने की कोशिश करते हैं। मग़र क्या मछलियों को ऐसा एहसास हैं। नहीं। तो हां मनुष्यों को ये क्रमगत विकास से मिला एक वरदान है। व्यापक रूप से देखा जाए तो मानव जीवन के अस्तित्व को बचाने के लिए प्रकृति ने ऐसा जाल रचा है कि हर एक मनुष्य इसमें व्यक्तिगत रूप से सहयोग करता है। है न मज़े कि बात।

बरसात का मौसम है और एक बार फिर बदलाव कि बेला, मगर सिर्फ आपके लिए नहीं , हर एक जीव के लिए। संघर्ष हर एक जीव करता है, मगर आप मनुष्य इसलिए हैं क्योंकि आप विकास की पराकाष्ठा हैं। प्रकृति ने सोचने समझने विचार करने संयोजन की शक्ति सिर्फ आपको प्रदान कि है। अपने इसी गुण से अपने छोटे छोटे कार्यों से आप व्यक्तिगत रूप में पूरी मानव जाति के लिए कल्याणकारी हो सकते हैं। कैसे? आप स्वस्थ तो परिवार स्वस्थ साथ ही समाज प्रदेश व देश स्वस्थ। है न कितना आसान। जब मानसून की प्रथम बूँदें तपती हुई धरती पर गिरती हैं, तो मिट्टी की सौंधी-सौंधी सुगंध मानो मन को पुलकित कर देती है। आकाश मेघों से आच्छादित हो उठता है, और प्रकृति स्वयं नवीन चूनर ओढ़े इठलाने लगती है। परन्तु इस रम्य ऋतु की शीतल बूंदों के संग कुछ अदृश्य कण भी टपकते हैं – रोगों के, व्याधियों के, और विषाणुओं के।

वर्षा केवल जल नहीं लाती, वह हमारे जीवन में आर्द्रता के साथ अनेक बीमारियों की आहट भी साथ लेकर आती है। यह ऋतु जहाँ एक ओर कवि के गीतों की प्रेरणा है, वहीं चिकित्सक के लिए एक चुनौती बन जाती है। जलजमाव, गंदगी, और शिथिल स्वच्छता के चलते मानव जीवन की देह-सरिता में कई रोगों का संचार हो जाता है।

सबसे पहले चर्चा करनी होगी डेंगू और मलेरिया की — ये वे रोग हैं जो वर्षा के संग पनपते हैं, जैसे कीचड़ में कमल नहीं, पर काँटे। डेंगू, जो एडीज मच्छर का उपहार है, शरीर में न केवल तेज ज्वर भरता है, बल्कि रक्त के कणों को क्षीण कर देता है। मलेरिया, एनॉफिलीज मच्छर की सौगात, बुखार की कंपकंपी में मनुष्य की ऊर्जा को पी जाता है। और इन मच्छरों का जन्मस्थल? वही गंदे, ठहरे हुए पानी की नन्ही-सी झीलें जो हमने अपने आँगन या छत पर संजो रखी होती हैं।

टाइफॉयड, जो दूषित जल का सौम्य दिखने वाला पर घातक संदेश है, पेट में पीड़ा, ज्वर और कमजोरी की चादर ओढ़ा देता है। लेप्टोस्पायरोसिस, जो बाढ़ के गंदले जल से होकर आता है, शरीर को भीतर से जर्जर कर सकता है। यह वह शत्रु है जो हमारे जूतों के भीतर, हमारे पैरों की फाँकों से भीतर घुस आता है, और यकायक स्वास्थ्य को छिन्न-भिन्न कर देता है।

वहीं दूसरी ओर, वायरल बुखार, सर्दी, खाँसी, त्वचा रोग और पेट के संक्रमण इस ऋतु के वो साए हैं, जो लगभग हर घर की चौखट पर दस्तक देते हैं। बूँदों की नमी जब कपड़ों में बैठती है, तब त्वचा पर फफूंद की चुप्पी में उगने लगती है। और जरा-सी लापरवाही भोजन में आ जाए, तो पेट की आग धधक उठती है।

**तो क्या करें? क्या हम वर्षा से डरें? कदापि नहीं।**

वर्षा से भागना नहीं है, उससे सुलह करनी है।

हमें अपने परिवेश को ऐसा बनाना है, जहाँ बारिश तो हो, पर रोग न पनपे। जलजमाव को रोकना, पीने के पानी को उबालना, पोषक आहार लेना, आयुर्वेदिक औषधियों – जैसे तुलसी, गिलोय और आंवला – का सेवन करना, भीगने पर शीघ्र वस्त्र बदलना और रोग प्रतिरोधक क्षमता को जागृत रखना ही हमारे अस्त्र हैं।

स्वास्थ्य के मंदिर की रक्षा, केवल औषधियों से नहीं, व्यवहार से होती है।

बरसात की बूंदें अमृत भी हैं, और कभी-कभी विष भी। यह हम पर निर्भर करता है कि हम किस रूप में उन्हें ग्रहण करें।

इसलिए, इस वर्षा ऋतु में जब बादल घिरें और बूँदें बरसें, तो उनके संग मुस्कुराएँ अवश्य, पर सजगता की छतरी तले।

# गहरी साजिश का प्रमाण है यूपी में धर्मांतरण गिरोहों की मौजूदगी

मनोज कुमार अग्रवाल



अभी एक सप्ताह पहले यूपी में धर्मांतरण गिरोह चलाने वाले जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा का मामला ठंडा भी नही हुआ कि आगरा में इससे भी बड़ा धर्मांतरण गिरोह बेनकाब हो गया है। आपने सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित फिल्म 'द केरला स्टोरी' तो देखी ही होगी। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे हिंदू लड़कियों का ब्रेनवॉश कर धर्मांतरण का खेल खेला जाता है, कैसे एक हिंदू परिवार में ही हिंदूओं के खिलाफ नफरत भरी जाती है और ऐसा ही खेल आगरा में खेला जा रहा था। आरोप है कि इस गैंग के सदस्य लड़कियों को मुजाहिदा और आत्मघाती हमले के लिए भी तैयार कर रहे थे।हिंदू लड़कियों को टारगेट कर धर्मांतरण की साजिश का पर्दाफाश कई राज्यों के अलग-अलग जिलों में हो चुका है। मध्य प्रदेश के इंदौर, उत्तर प्रदेश के बलरामपुर और शाहजहांपुर के बाद अब आगरा में धर्मांतरण का खुलासा हुआ है। आगरा का ये धर्मांतरण गैंग बलरामपुर के जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा से भी दो हाथ आगे है। आगरा से गुमशुदा हुई लड़की के पिता ने इसका खुलासा किया है। पिता ने बताया कि फिल्म द केरला स्टोरी की तरह ही पूरा माहौल बना दिया गया था।


आगरा में सामने आए धर्मांतरण गैंग के कनेक्शन कनाडा, यूएसए, कतर, यूएई और बांग्लादेश सहित कई इस्लामिक देशों से जुड़े हुए थे। विदेशों से फंडिंग लाने और भारत में गैंग के लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी गोवा से गिरफ्तार हुई आयशा के पास थी। आयशा का पति शेखर राय उर्फ हसन अली गैंग के सदस्यों से जुड़ा हुआ था और कोलकाता कोर्ट में काम करता था। वो गैंग के लिए लीगल एडवाइजर का काम करता था। पीड़ित पिता ने बेटियों के धर्म परिवर्तन पर बताया कि "इसकी शुरुआत 2021 से हुई थी। हमारी बड़ी बेटी पीएचडी की कोचिंग ले रही थी, वहां जम्मू-कश्मीर की युवतियां भी पढ़ने आती थी। उसमें से एक युवती ने बड़ी बेटी को इस्लाम के प्रति पढ़ाती और लिखाती रही और अपने साथ जोड़ लिया।" आरोप है कि उस लड़की ने उनकी पत्नी से भी कई बार फोन करके इस्लाम की तारीफें की। उसका मकसद था कि पूरे परिवार का ब्रेनवॉश करके धर्म परिवर्तन किया जाए।पुलिस ने पता लगाया कि हिंदू लड़कियों को कनवर्ट करने का पूरा सिंडिकेट एक्टिव है। कहा जा रहा है कि अभी तो सिर्फ झांकी सामने आई है। हिंदू परिवारों का धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और देश विरोधी गतिविधियों के आरोप में एटीएस के शिकंजे में में आए जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के मंसूबे भी बेहद घातक थे, ऐसा उसकी अलग-अलग गतिविधियों से पता चलता है। इसलिए सवाल है कि उत्तरप्रदेश में पिछले 8 सालों से योगी सरकार होने के बावजूद जिस तरह से हिंदू परिवारों का धर्म परिवर्तन कराया गया, यह प्रशासन और खुफिया इकाई के मुंह पर किसी तमाचे से कम नहीं है। वास्तव में यह उनकी विफलता का द्योतक है। इसलिए आशंका तो यह है कि इस पूरे स्कैंडल में कुछ बड़े अधिकारी भी शामिल रहे होंगे अन्यथा इस बात के खुलासे में इतना विलंब नहीं होता। दबी जुबान में लोगों के इशारे हैं कि यदि केंद्रीय गृह मंत्रालय इस एंगल से भी जांच करवाए तो योगी प्रशासन के दूरगामी हित के लिए बेहतर रहेगा। यहां के सियासी हल्के में जो लोग बार-बार मुख्यमंत्री बदलने की मांग कर रहे थे, संभव है कि उनके तार भी ऐसे गिरोह से जुड़े हों। ऐसा इसलिए कि अमेरिका-चीन के इशारे पर और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के सहयोग से भारत के इस्लामीकरण की जो देशव्यापी साजिश कुछ भारतीय राजनीति दलों के परोक्ष समर्थन से जारी है, उसका बहुत छोटा सा इलाकाई प्यादा जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा है जो कि धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जो व्यक्ति अपना धर्म बदलता है वो केवल अपना धर्म नहीं बदलता बल्कि वो अपने समाज और देश से भी कट जाता है। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण को देश के लिए बड़ा खतरा बताया था और सरकारों को इसके खिलाफ कदम उठाने को कहा था। धर्मातरण के बाद व्यक्ति अपना परिवार और अपनी संस्कृति छोड़ देता बंद है, अपना खानपान और पहनावा बदल लेता है। धर्मांतरित मुस्लिम इस्लाम के प्रति अपनी वफादारी साबित करने के लिए आतंकी संगठनों के साथ भी चले जाते हैं। यही कारण है कि धर्मांतरण देश की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बनता जा रहा है। दुनिया में कई देश हैं, जहां धर्मातरण के कारण डेमोग्राफी बदलने से दंगों की आग में जलना पड़ रहा है। बाबा साहब अम्बेडकर ने कहा था कि हिन्दू मुस्लिम के बीच तनाव के कई कारण है जिनके कारण दंगे भी होते हैं। उन्होंने इस्लाम को एक समाज कहा था क्योंकि उनका कहना था कि मुस्लिमों का भाईचारा आपसी होता है, दूसरों को वो काफिर मानते हैं। उन्होंने गौमांस, धर्मांतरण और मस्जिदों के आगे संगीत बजाने को दंगों का बाड़ा कारण बताया था। उन्होंने कहा था कि जब दोनों समुदाय मिलते हैं तो धर्मांतरण एकतरफा होता है, हिन्दू कभी धर्म परिवर्तन का प्रयास नहीं करते। यही कारण है कि

धर्मांतरण के बाद व्यक्ति अपना परिवार और अपनी संस्कृति छोड़ देता है, अपना खानपान और पहनावा बदल लेता है। धर्मावरित मुस्लिम इस्लाम के प्रति अपनी वफादारी साबित करने के लिए आतंकी संगठनों के साथ भी चले जाते हैं। यही कारण है कि बड़ा धर्मांतरण देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा बनता जा रहा है। दुनिया में कई देश हैं, जहां धर्मातरण के कारग डेमोग्राफी बदलने से दंगों की आग में जलना पढ़ रहा है। बाबा साहब अम्बेडकर ने कहा था कि हिन्दू-मुस्लिम के बीच तनाव के कई कारण हैं जिनके कारण दंगे भी होते हैं.किसी भी मुस्लिम देश में धर्मांतरण विरोधी कानून नहीं है क्योंकि मुस्लिमों की उसकी जरूरत ही नहीं है लेकिन गैर-मुस्लिम देशों की इसकी जरूरत इसलिए पड़ती है क्योंकि मुस्लिम समुदाय पूरी आक्रामकता के साथ धर्मातरण की कोशिश करता है। ये अजीब बात है कि मुस्लिम बहुल देशों में सभी नागरिकों को धीरे-धीरे मुस्लिम बना दिया जाता है लेकिन जहां मुस्लिम अल्पसंख्यक होते हैं, वहां भी वो धीरे-धीरे बहुसंख्यक समाज को इस्लाम में शामिल कर लेते हैं। इस तरीके से कई देशों को इस्लामिक मुल्क बना दिया गया है और भारत को भी 2047 तक मुस्लिम संगठन इस्लामिक मुल्क बनाने का संकल्प लेकर धर्मांतरण के अभियान में जुटे हुए हैं। ज्यादातर मुस्लिम संगठन दावा करते हैं कि वो धर्मांतरण नहीं करवाते हैं बल्कि लोग अपनी खुशी से इस्लाम धर्म अपनाते हैं। सवाल यह है कि अगर लोगों को अपनी खुशी से इस्लाम अपनाना है तो वो खुद मस्जिद में जायेंगे न कि उनका धर्मांतरण करवाने के लिए करोड़ों रुपये की फंडिंग लानी लानी पड़ेगी और गैंग बनाने पड़ेंगे। वास्तव में धर्मांतरण करवाने के के लिए लालच, भय और धोखे का सहारा लिया जाता है। हमारा संविधान अपने धर्म का प्रचार करने का अधिकार देता है और व्यक्ति को अपनी मर्जी से धर्म बदलने का भी अधिकार देता है। दूसरी तरफ यही संविधान कहता है कि किसी भी व्यक्ति को लालच, भय और धोखे से धर्मांतरित नहीं किया जा सकता। वास्तव में हमारे देश में लोगों को धोखा भय और लालच देकर ही धर्मांतरित किया जा रहा है। हमारे देश का सेकुलर गैंग यह चिल्लाता है कि देश में भाईचारा बढ़ाने की जरूरत है. इसे खतरे में नहीं डालना चाहिए लेकिन सच्चाई यह है कि अगर आपको मुस्लिमों और ईसाइयों के साथ भाईचारा निभाना है तो उनके धर्म को अपनाना होगा। जब तक आप ऐसा नहीं करते हैं को आपसे भाईचारा नहीं निभा सकते क्योंकि ये दोनों धर्म दूसरे धर्म को बर्दाश्त नहीं कर सकते। यही कारण था कि मुस्लिम आक्रांताओं ने हिन्दुओं के सामने तीन विकल्प रखे थे। पहला उन्हें धर्म परिवर्तन करके मुस्लिम बनना होगा, दूसरा अगर इस्लाम नहीं अपनाना है तो जजिया कर देना होगा और अगर ये दोनों विकल्प नहीं लिए तो मौत ही आखिरी विकल्प होगा। सेकुलर गैंग कहता है कि अगर मुस्लिम शासकों ने जबरदस्ती धर्म परिवर्तन करवाया था तो हिन्दू कैसे बचे रह गए। वास्तव में हिन्दुओं ने अपना धर्म परिवर्तन करने की जगह जजिया कर चुकाना ज्यादा पसंद किया था। बेइंतहा जुल्म, उत्पीड़न और शोषण के बावजूद हिन्दू अपने धर्म पर अडिग रहे। इसके बावजूद करोड़ों लोगों ने भय और लालच के कारण धर्म परिवर्तन कर लिया और भारत में मुस्लिमों की आबादी इतनी बढ़ गई कि देश का विभाजन करना पड़ा। समस्या यह है कि इसके बाद भी यह जारी है और ये तब तक स्क नहीं सकता जब तक कि पूरे देश को धर्मांतरित न कर दिया जाए। विभाजन के बाद इसको रोका जा सकता था लेकिन हमारे नेताओं पर सेक्युलरिज्म का ऐसा भूत सवार था कि इसको रोकने की कोशिश नहीं की गई। अब ये तब रुकेगा जब देश का एक और विभाजन हो जाएगा। इससे पहले इसके रुकने की उम्मीद दिखाई नहीं देती है। धर्मातरण करने वाले संगठनों के पास विदेशों से अथाह पैसा आता है जिसका इस्तेमाल ये लोग पुलिस और प्रशासन में बैठे लोगों को खरीदने के लिए करते हैं। इसके कारण पुलिस और प्रशासन न केवल इनके कारनामों की अनदेखी करने लगता है बल्कि इनके खिलाफ उठने वाली आवाज को दबाने की हर संभव कोशिश करता है। छांगुर बाबा के खिलाफ जिन लोगों ने भी शिकायत की थी पुलिस ने उनके ही खिलाफ फर्जी मुकदमें ठोक दिए। सरकार किसी की भी हो लेकिन इको सिस्टम अभी भी पुराना ही चल रहा है।जरूरत इस बात की है कि इन धर्मांतरण गिरोहों की गहराई तक जांच कर इनकी जड़ों तक इलाज किया जाए।

## विटामिन बी12 की कमी से अनियमित हो सकते हैं पीरियड्स

विटामिन बी 12 को तंत्रिका तंत्र के जरूरी माना जाता है। लेकिन महिलाओं में इसकी कमी होने पर कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इनमें से एक अनियमित पीरियड्स है। विटामिन बी12 की कमी होने पर पीरियड्स पर भी असर पड़ सकता है।

हमारा शरीर एक मशीन की तरह होता है, जिसमें तरह-तरह के विटामिन और खनिज फ्यूज की तरह काम करते हैं। वहीं शरीर को सुचारू रूप से काम करने के लिए जरूरी है कि खनिज और विटामिन सही मात्रा में हों। वहीं इसकी कमी होने पर शरीर में कई तरह लक्षण नजर आते हैं। इनमें से एक विटामिन बी12 है। विटामिन बी 12 को तंत्रिका तंत्र के जरूरी माना जाता है। लेकिन महिलाओं में इसकी कमी होने पर कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इनमें से एक अनियमित पीरियड्स है। विटामिन बी12 की कमी होने पर पीरियड्स पर भी असर पड़ सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि विटामिन बी12 की कमी को कैसे दूर किया जा सकता है।



**विटामिन बी12 की कमी**–हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक विटामिन बी12 शरीर में हार्मोन को संतुलन करने के लिए काफी जरूरी होती है। इस विटामिन की कमी या अधिकता दोनों ही हार्मोन के असंतुलन का कारण बन सकते हैं। शरीर में विटामिन बी12 की कमी होने पर एस्ट्रोजन, टेस्टोस्टेरोन, प्रोगैस्टरॉन जैसे जरूरी हार्मोन उत्पादन पर असर पड़ता है। जिसकी वजह से पीरियड्स अनियमित हो सकते हैं। लाल रक्त कोशिकाओं को बनाने के लिए भी विटामिन बी12 जिम्मेदार होता है। शरीर में इस विटामिन की कमी होने पर लाल रक्त कोशिकाओं की कमी हो जाती है, जोकि एनीमिया का कारण बन सकता है। साथ ही इससे आपके पीरियड्स अनियमित हो सकते हैं। साथ ही पीरियड के समय अधिक थकान और कमजोरी बढ़ सकती है। तंत्रिका तंत्र के लिए विटामिन बी12 जरूरी होता है। यह विटामिन न्यूरोट्रांसमीटर के संतुलन में सहायता करता है। शरीर में इसकी कमी होने पर डिप्रेशन, मूड स्विंग्स और मानसिक तनाव बढ़ सकता है। यह पीरियड के समय अधिक गंभीर भी हो सकता है।

**विटामिन बी12 की कमी को ऐसे करें दूर**–अगर आप मांसाहारी हैं, तो आपको अपनी डाइट में चिकन, मछली, रेड मीट, अंडा और डेयरी उत्पादन आदि शामिल करना चाहिए। वहीं अगर आप वेजिटेरियन हैं, तो आपको डाइट में छाछ, दूध और दही आदि का सेवन करना चाहिए। इसके अलावा आप अपनी डाइट में कद्दू, सूरजमुखी और अलसी के बीज भी शामिल कर सकती हैं। आप चाहें तो डॉक्टर से कंसल्ट कर लें, वह आपको सप्लीमेंट्स भी दे सकते हैं।

## सू-दोकू 113

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.112 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

एक नजर

## तेंदूपत्ता संग्राहकों को किया जा रहा चरण पादुका वितरण



**सुकमा, 21 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की चरण पादुका योजना छत्तीसगढ़ राज्य में स्वाभिमान व सुरक्षा का प्रतीक बन गया है। संवेदनशील साय सरकार वनवासियों और तेंदूपत्ता संग्राहकों के जीवन स्तर को सशक्त और सुरक्षित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार के द्वारा तेंदूपत्ता की ख़रीदी 5500 रुपये प्रति मानक बोरा के हिसाब से किया जा रहा है। चरण पादुका योजना उन परिश्रमी हाथों के प्रति सुशासन सरकार की कृतज्ञता का प्रतीक है जो कठिन परिस्थितियों में वनोपज के संग्रहण का कार्य करते है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका पहना कर योजना का शुभारंभ किया गया। छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में प्रदेश के लगभग लाख 40 हजार से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों जिसमें सुकमा जिले के 61 हजार 775 तेंदूपत्ता संग्राहकों को अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक और गारंटी का प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। सुकमा जिले में 61 हज़ार 775 तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका का वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत आवेदन

**बालोद, 21 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण द्वारा संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित की गई है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री अजय गेडाम ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत विधवा, परित्यक्त, दिव्यांगजन (दिव्यांगता 40 प्रतिशत) एवं 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक आवेदन कर सकते है। इसके साथ ही 65 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक अपने साथ एक सहायक यात्रा पर ले जाने की पात्रता होगी, जिसकी आयु 21-50 वर्ष होगी। साथ ही आवेदन हेतु आवेदन दो प्रतियों में भरा जाएगा। आवेदन पत्र मात्र हिन्दी में ही भरा जाएगा। आवेदन के साथ पासपोर्ट आकार का नवीनतम रंगीन फोटो निर्धारित स्थान पर फ्रंट पेज में लगाना होगा। आवेदन के साथ निवास के साक्ष्य के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान या राज्य शासन द्वारा स्वीकार्य कोई अन्य प्रमाण अथवा अभिलेख इत्यादि दस्तावेज के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत द्वारा व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त कर, जनपद पंचायत के माध्यम से एवं शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय के माध्यम से जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग जिला बालोद को प्रेषित किया जाएगा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की अन्य जानकारी हेतु संबंधित जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत एवं नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के माध्यम से ले सकते है।

## सावन में बारिश नहीं कोंडागांव में किसानों की बढ़ी चिंता



**कोंडागांव, 21 जुलाई।** जिला मुख्यालय के आस-पास के क्षेत्रों में पिछले 15 दिनों से बारिश नहीं हुई है। सावन शुरू होते ही कई इलाकों का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। सावन के महीने में बारिश नही होने से किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है। अब बारिश नही होने से खेतों की मिट्टी में दरारें पडने लगी हैं। जिन किसानों ने बोनी कर दी है, उनकी फसलें सूखने लगी हैं। महिला किसान सुखमति का कहना है कि सावन में बारिश न होने की स्थिति उन्होंने कभी नहीं देखी। उनका कहना है कि अगले एक हफ्ते में बारिश नहीं हुई तो बोई गई फसल बर्बाद हो जाएगी। मौसम विभाग ने भी अभी तेज बारिश की कोई संभावना नहीं जताई है। कुछ किसानों ने अभी तक बोनी नहीं की है, वे बारिश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। कोंडागांव समेत पूरे बस्तर अंचल में सावन का महीना जो आमतौर पर हरियाली और ठंडक से जुड़ा होता है, इस बार गर्मी और उमस से परेशान है। स्थिति यह है कि खेतों में बीज डाल चुके किसान बादलों की राह देख रहे हैं।

## उचित मूल्य दुकान संचालन, 1 अगस्त तक आवेदन

**दंतेवाड़ा, 21 जुलाई।** कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी बड़े बचेली के द्वारा विकासखण्ड कुआकोंडा अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ेहड़मामुण्डा, मूलेर, मड़कामीरास, ककाड़ी नवीन ग्राम पंचायत बनने पर शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन किए जाने हेतु दुकान आवंटन किया जाना प्रस्तावित हैं। उक्त संबंध में आवेदन प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर देते हुए दुकान संचालन हेतु इच्छुक एजेंसियां यथा वृहदाकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सरकारी समितियां, ग्राम पंचायत, महिला स्व-सहायता समूह, वन सुरक्षा समितियां,राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट, सार्वजनिक उपक्रम, अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियां एवं प्राथमिक कृषि साख समितियां द्वारा विहित ''प्रारूप''में 17 जुलाई से 01 अगस्त 2025 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में एसडीएम बड़े बचेली के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

### गौ तस्करों पर मद्देड़ पुलिस ने कसा शिकंजा

# मिनकापल्ली के जंगल से 83 मवेशी छुड़ाए, 7 गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भोपालपटनम, 21 जुलाई।** थाना मद्देड़ पुलिस ने गौ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए तेलंगाना राज्य के सात तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 83 गौवंशीय मवेशी बरामद किए हैं। यह सभी आरोपी मिनकापल्ली-जंगल रास्ते से छत्तीसगढ़ से तेलंगाना के एटुनगरम की ओर पशुओं को अवैध रूप से ले जा रहे थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मवेशी तस्कर मिनकापल्ली से तारलागुड़ा जंगल रास्ते के जरिये पशुओं को हांककर तेलंगाना ले जा रहे हैं। तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने जंगल में दबिश देकर तस्करों को मौके पर ही धरदबोचा। जिनमे अरचंच ईसलावत, रमेश मुनावत, भुक्य पंतलु, भुक्या मानसिंह, जरपल्ला कमलेश, दशरथ जरपल्ला, अजमेरा रमेश शामिल है सभी निवासी डोडला कोत्तुर व रेड्डीपल्ली, एटुनगरम, तेलंगाना के है। पुलिस ने मौके पर गवाहों की उपस्थिति में 83 मवेशियों को जब्त कर लिया है।

आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर माननीय न्यायालय में रिमाण्ड पर प्रस्तुत किया गया। जब्त मवेशियों को मद्देड़ के कांजी हाउस में सुरक्षित रखा गया है।

# राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

### कैबिनेट मंत्री व सांसद ने किया सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 जुलाई।** 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने कुराश एवं नेट बॉल में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते। इन विजेता खिलाड़ियों को कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, जांजगीर -चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े ने शनिवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व कलेक्टर दीपक सोनी ने राज्य सरकार की ओर दी गई पुरस्कार राशि का चेक खिलाड़ियों को प्रदान किया।इस दौरान स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 21 हजार रुपये, रजत पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 15 हजार रुपये और कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 10 हजार रुपये का चेक दिया गया।

## श्रावण के दूसरे सोमवार भी गूंजा हर हर महादेव

■ शिवालयों में हुई भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना



**दंतेवाड़ा 21 जुलाई।** सावन मास के दूसरे सोमवार भी आज भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर आज नगर के सभी शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की काफी लगी रही। भक्त अल सुबह से ही मंदिरों में पहुंच पूजा अर्चना कर भोलेनाथ से सुख शांति व समृद्धि का आर्शीवाद मांगते रहे। इस मौके पर मां दंतेश्वरी देवी के मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रावण के दूसरे सोमवार पर आज कामिका एकादशी एवं श्रावण सोमवार एक साथ होने से शिवालयों में अल सुबह से ही महिला श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगी रही। सावन मास का आज यह दूसरा सोमवार है। श्रावण के दूसरे सोमवार पर आज भक्तों ने दूध, बेलपत्र, गंगाजल, धतूरा एवं कनेर के फूल व पुष्प आदि से शिवलिंग का जलाभिषेक कर भोलेनाथ से सुख समृद्धि का आर्शीवाद मांगा। नगर के शिवालयों में शिवजी को जलाभिषेक करने सुबह से श्रद्धालु अपने नजदीक स्थित शिवालयों में पहुंच भालेनाथ को जल, पुष्प चढ़ाकर पूजा अर्चना करते रहे। दंतेश्वरी मंदिर रोड स्थित शिवालयों में तथा भैरमदेव बाबा मंदिर में भी जलाधिषेक करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। शास्त्रों में सावन मास भगवान शंकर के पूजा अर्चना के लिए श्रेष्ठ माना गया है।

# प्रशासन की लापरवाही से हुई मासूम की मौत

## कांग्रेसी नेता ने की मुआवजे की मांग

**सुकमा, 21 जुलाई।** सुकमा जिले के पोटकपल्ली गांव में तीन सप्ताह पहले घटी एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया पूरे गांव में मातम पसर गया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पोटकपल्ली में पानी टंकी के पास सोखता गड्ढा कई महीनों पूर्व खोदा गया था परंतु उसे पक्का न कर उसे खुला छोड़ दिया गया, उसी सोखता गड्ढे में गिरने से इसी गांव का एक तीन वर्षीय मासूम बच्चा दीरदो चंदू की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना की जानकारी प्रदेश कांग्रेस के सचिव दुर्गेश राय को मिली तो वे पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचे।



परिजनों से मुलाकात के दौरान दुर्गेश राय ने मासूम की मां रामे से घटना का पूरा विवरण सुना। आंखों में आंसू लिए मां ने बताया कि हादसे के दिन वह खेत में काम कर रही थी और बच्चा घर के आंगन में खेल रहा था। उसके घर के पास ही यह सोखता गड्ढा खोदा गया था उसका बच्चा इसी बिना ढके छोड़े गए सोखता गड्ढे में वह गिर गया। घर लौटने पर जब उसने देखा कि उसकी दुनिया उजड़ गई थी और उसका बच्चा आंगन में मृत पड़ा हुआ था ।

**गड्ढे को भरने कई बार कहा पर पंचायत ने की अनदेखी**

दुर्गेश ने कहा कि मृत बच्चे की मां ने बताया कि इस गड्ढे को कई बार भरने और बंद करने की मांग गांव के सरपंच और सचिव से की गई थी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। पंचायत एवं प्रशासन की इस लापरवाही ने उसकी गोद सूनी कर दी।

दुर्गेश राय ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, घटना को तीन सप्ताह बीत चुके हैं लेकिन अब तक न कोई जांच अधिकारी आया, न ही कोई कार्रवाई हुई। उन्होंने सरकार से मृतक परिवार को मुआवजा देने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों।

## 28 जुलाई तक आत्मानंद स्कूलों में भर्ती के लिए आवेदन

**बालोद, 21 जुलाई।** उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति जिला बालोद द्वारा जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद, डौण्डी, डौण्डीलोहारा, अर्जुंदा, गुरूर, नयाबाजार दल्लीराजहरा, देवरीबंगला, गुण्डरदेही, निपानी, कन्नेवाड़ा, अरमरीकला, मोंहदीपाट, सिकोसा, सुरेगांव, रानाखुज्जी, मंगचुवा, कुसुमकसा, आमडुला एवं घोटिया में प्राचार्य के रिक्त कुल 15 पद, व्याख्याता के 46 पद शिक्षक के 53 पद, प्रधान प्राठक प्राथमिक शाला के 01 पद, प्रधान प्राठक माध्यमिक शाला के 01 पद, सहायक शिक्षक के 53 पद, प्रयोगशाला सहायक के 06 पद, व्यायाम शिक्षक के 03 पद, ग्रंथपाल के 01 पद, सहायक ग्रेड-02 के 3 पद, सहायक ग्रेड-03 के 2 पद, भृत्य के 07 पद एवं चैकीदार के 01 पद पर प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा आधार पर कुल 192 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु योग्यताधारी आवेदकों से 18 जुलाई 2025 से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# बारिश नहीं होने से खेतों में पड़ने लगी दरार, रोपाई प्रभावित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 21 जुलाई।** दंतेवाड़ा जिले में बीते पखवाड़े भर से बारिश का इंतजार यहां के किसानों को है मगर बारिश है कि गिरती ही नहीं। 15 दिन से ज्यादा का समय बीत चुका है जिले में बारिश हुई ही नहीं है। दिन में धूप एवं उमस भरी गर्मी होती है जिससे लोग खासे परेशान हैं। ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है जब सावन के महिने में पानी की जगह लोगों को मई जून की तरह गर्मी का ऐहसास हो रहा है। आलम यह कि लोगों को रात में कूलर व एसी चलाकर सोना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि बीते पखवाड़े भर से दंतेवाड़ा अंचल में बारिश



नहीं हुई है। कृषि विभाग से जारी आंकड़ों पर अगर गौर करें तो 01 जून से 17 जुलाई तक जिले में कुल 403.8 मि.मी. वर्षा हुई है। केंद्रवार अगर नजर डालें तो दंतेवाड़ा में 01 जून से 17 जुलाई तक कुल 370.5, गीदम में 503.0, कुआकोंडा में 307.3, कटेकल्याण में 397.0, बडे बचेली में 469.6 एवं बारसूर में 375.2 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई है। ईधर बारिश के नहीं होने से खेतों में बोए गए धान भी सूखने के कगार पर आ गए हैं। खेतों में दरारें पड़नी शुरू हो गई है। किसानों का कहना है कि जब बारिश ही नहीं होगी खेत की मिटटी गिली नहीं होगी तो हम रोपा कैसे लगाएंगे। रोपा लगाने के लिए कम से कम 3 इंच खेत की मिटटी में दलदली होना चाहिए तभी तो पौंधों को उसमें दबाकर लगाया जा सकेगा जिसे रोपा विधि कहते हैं। बारिश की कमी के कारण धान एवं अन्य फसलें सूख रही है और किसानों को सिंचाई के लिए पंपिंग सेट का उपयोग करना पड़ रहा है। छोटे किसानों के पास सिंचाई के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं होते हैं इसलिए वे बारिश पर ही निर्भर रहते हैं ऐसे में अगर बारिश नहीं होती है तो उनकी चिंता बढ़ना वाजिब है। अगर कुछ दिन और बारिश नहीं होती है तो यकीनी तौर पर कृषि कार्य बहुत ज्यादा प्रभावित होगा आगे भी यही हाल बना रहा तो सूखे की स्थिति बन सकती है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंतिम सूची जारी

**दंतेवाड़ा, 21 जुलाई।** कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना गीदम द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार उक्त कार्यालय द्वारा 16 जून 2025 को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। प्राप्त आवेदन का निर्धारित मापदण्ड अनुसार पैनल तैयार किया जा चुका है जिसका मूल्यांकन समिति द्वारा परीक्षण भी किया जा चुका है। पैनल सूची परियोजना कार्यालय गीदम एवं जनपद पंचायत गीदम के सूचना पटल पर प्रदर्शित किया जा रहा है, जिसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि होने संबंधी सुधार हेतु अभ्यार्थियों से दावा आपत्ति प्रकाशन दिनांक के 10 दिवस के भीतर दावा आपत्ति आंमत्रित की जा रही है।

## चतुर्थ योगासन खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**भाटापारा, 21 जुलाई।** मॉर्डन इंग्लिश मीडियम,स्कूल मे जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा चतुर्थ योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 7 यह प्रतियोगिता योगासन भारत, दिल्ली से संबद्ध छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में सर्वप्रथम मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। उक्त आयोजन में अश्वनी शर्मा ( नगर पालिका परिषद अध्यक्ष) . संकेत अग्रवाल सरपंच गुडेलिया ( अध्यक्ष, ब्लॉक सरपंच संघ भाटापारा) . प्रीति तम्हाणे प्रिंसिपल मॉर्डन इंग्लिश स्कूल अभिषेक मिश्रा जनसेवक . अरुण छाबड़ा जनसेवक और नुरेंद्र कुम्हार उपाध्यक्ष रायपुर जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन) ने कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे। इस प्रतियोगिता का संचालन रिया मिश्रा के द्वारा किया गया प्रतियोगिता निर्देशक के रूप में शानदार आयोजन किया श्री शैलेन्द्र नामदेव ( पतंजलि योग समिति के जिला महामंत्रीजिला बलौदा बाजार कोषाध्यक्ष योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन श्रीमान लोकेश कन्नौज जिला अध्यक्ष बलौदा बाजार योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन) जीवन यादव (जिला सचिव बलौदा बाजार योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन) विष्णु देवांगन टेक्निकल ऑफिसियल, किशोर माहेश्वरी , जयश्री साहू, गीता यादव, सुषमा साहू ,चंद्र कुमार साहू, शेख वसीम ,रिया मिश्रा, मोनिल साहू, रश्मि वर्मा ,प्रियंका वर्मा राजेंद्र पाल ,पूजा वर्मा आजुराम वर्मा,अखिलेश्वरी शुक्ला हेमलाल वर्मा, पुष्पा वर्मा ,केशव राम वर्मा सभी स्कूल के कोच तुकेश राजा वर्मा, अंकित चौधरी, ऋषभ सिंह चौहान, शेवता मिश्रा, शिवमंगल सिंह ठाकुर।

## दिशा समिति की बैठक में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

**बलौदाबाजार 21 जुलाई।** रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल एवं जांजगीर चाम्पा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े क़ी अध्यक्षता तथा राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा क़ी विशिष्ट उपस्थिति में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा ) क़ी समीक्षा बैठक शनिवार क़ो जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में संपन्न हुई। बैठक में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं का जिले में क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों क़ी विस्तृत समीक्षा क़ी गई। केंद्र सरकार क़ी योजनाओं का लाभ अधिक से



अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने अधिकारियों क़ो निर्देश दिये गए।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, अश्वनी शर्मा,कलेक्टर दीपक सोनी, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी ने हर वर्ग के लोगों के लिए अनेक योजनाएं लागू क़ी है इन योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत हितग्राही तक पहुंचाना होग़ा। सभी जरूरतमंदो क़ो प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिले। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी के भारत क़ो 2047 तक विकसित राष्ट्र के संकल्प क़ो साकार करना है।

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सही मायने में सरकार क़ी योजना तभी लागू होगी जब उसका लाभ सभी पात्र हितग्राही क़ो मिले।

# वर्षों से संघर्षरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का महिला आयोग सदस्य ने किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 21 जुलाई।** जगदलपुर के पोटानार की रहने वाली आदिवासी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महादेवी कश्यप के कार्य से प्रभावित होकर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। मिली जानकारी के अनुसार जगदलपुर के पोटानार की निवासी महादेवी कश्यप का बाल विवाह हुआ था,पुत्र प्राप्ति के बाद महादेवी को उसके पति ने घर ने निकाल दिया था,उसके पश्चात महादेवी नारिनिकेतन में रही उसके पश्चात किसी अधिकारी ने उसे 1999 में तत्कालीन दंतेवाड़ा वर्तमान में सुकमा जिले के बोड़को पंचायत के पलिया ग्राम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर नियुक्ति दिलवा दी उसके बाद महादेवी अपने एक अबोध पुत्र के साथ उस गांव को अपना कर्मक्षेत्र समझ लिया व आज पर्यंत तक अपनी सेवा दे रही है।



छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने कहा कि संघर्ष का दूसरा नाम ही नारी शक्ति है मैं बहुत दिनों से महादेवी के कार्यों को देख रही थी कि उन्होंने कितने संघर्ष से अपना जीवन व्यतीत किया व विभिन्न परिस्थितियों और कम आमदनी में रहने के बाद भी अपने पथ से हटी नहीं और एक मिशाल खड़ी की मैं ऐसी समस्त नारी शक्तियों को प्रणाम करती हूं।

**अपने पुत्र को पढ़ा कर बनाया शिक्षक**

महादेवी स्वयं कई प्रकार के संघर्षों से जीवन भर जूझती रही पर यह सोच



की अगर उसने उच्च शिक्षा प्राप्त की होती तो किसी अच्छे पद पर नियुक्ति मिलती इस सोच के साथ अपने पुत्र शिवचरण कश्यप को हर मुसीबतों से दूर रखकर उसे उचित शिक्षा प्रदान की जिसके बदौलत आज उनका पुत्र शिवचरण जिला बस्तर के विकासखण्ड लोहंडीगुड़ा के उसरिबेडा में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं व समन्वयक के दायित्व पर हैं

**आंखों में आँशु लिए कहती हैं**



**सबके अच्छे दिन आते हैं**

महादेवी कहती हैं कि जीवन में हर किसी व्यक्ति को संघर्षो से सामना करना पड़ता है पर जरूरत है कि आप अपनी ईमानदारी एवं जिम्मेदारी से कार्य करते रहें सबके अच्छे दिन अवश्य आते हैं

**बारिश में होती है बहुत परेशानी- सीने तक भरे हुए नदी को करना पड़ता है पार**

महादेवी ने बताया कि मेरे आंगनबाड़ी केंद्र एवं पंचायत मुख्यालय के बीच एक नदी है जिसे पार कर हम लोगों को खाद्यान्न लेने व मीटिंग हेतु जाना पड़ता है सीने तक पानी होने के बावजूद भगवान का नाम लेकर नदी पार करते हैं भारी बारिश में प्रत्येक माह तीन से चार दफा हमें मौत का सामना करते हुए खाद्यान्न एवं मीटिंग में जाने हेतु नदी पार करना पड़ता है ।

**भवन का है बुरा हाल**

आंगनबाड़ी केंद्र पलिया की स्तिथि बहुत ही खराब है बारिश के दिनों में इतना ज्यादा पानी का रिसाव होता है कि महादेवी स्वयं बाल्टी में भरकर पानी भवन से बाहर फेंकती हैं और भवन के मरम्मत की मांग कर रही हैं।

एक नजर

### कौशल तिहार 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन 23 जुलाई तक

**महासमुंद 21 जुलाई ।** शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर "कौशल तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर जिले में पंजीकृत वीटीपी संस्थाओं में प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं के मध्य विभिन्न कौशल प्रतियोगिताओं का आयोजन निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा।जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 जुलाई 2025 तक एवं राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता 28 से 30 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।प्रतियोगिताएं चिन्हांकित कोर्सेस में आयोजित की जाएगी। जिसमें ड्राइविंग असिस्टेंट, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, मोबाइल फोन हार्डवेयर रिपेयर टेक्निशियन, जल वितरण संचालक शामिल हैं। उक्त कोर्सों में वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अथवा प्रशिक्षणरत युवा सीएसएसडीए पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### आवास प्लस सर्वे एवं मनरेगा कार्यों का आयुक्त तारण प्रकाश सिन्हा द्वारा निरीक्षण

**महासमुंद, 21 जुलाई ।** महासमुंद विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बेलसोंडा में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के आयुक्त श्री तारण प्रकाश सिन्हा द्वारा आवास प्लस सर्वे 2.0 अंतर्गत हितग्राहियों के घर जाकर चेकर वेरिफिकेशन कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने हितग्राही कुमारी कन्नौजे के घर पहुंचकर सर्वे में आ रही समस्याओं की जानकारी ली एवं मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।निरीक्षण के दौरान वर्ष 2024-25 में स्वीकृत हितग्राहियों के निर्माणाधीन आवासों में आयुक्त द्वारा स्वयं पहुंचकर जियो टैगिंग की कार्रवाई की गई। उन्होंने आवास मित्र मोबाइल एप के उपयोग और जियो टैगिंग से संबंधित विषयों पर हितग्राहियों से चर्चा की। हितग्राही उषा चंद्राकर के निर्माणाधीन आवास में जाकर प्लिंथ लेवल जियो टैग भी किया गया।इसके अतिरिक्त श्री सिन्हा द्वारा ग्राम पंचायत के अन्य निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति में तेजी लाने हेतु निर्देश दिए गए।

### मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान शासन की पहली प्राथमिकता, प्रभावी कार्ययोजना बनाकर करें कामः डॉ. प्रियंका शुक्ला

**रायपुर, 21 जुलाई ।** आयुक्त सह संचालक ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में डॉक्टरों को नियमित फील्ड विज़िट करने के दिए निर्देशस्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु जिला अस्पताल सुकमा के सभाकक्ष में आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख योजनाओं, उनके लक्ष्यों, प्राप्तियों और कार्यों की विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल की प्राथमिकता वाले कार्यों में से एक है और मलेरिया को खत्म करने लिये शासन हर संभव प्रयास कर रही है। मलेरिया पैरासाइट को खत्म करने के लिए शत प्रतिशत जनसंख्या का स्क्रीनिंग करना अनिवार्य है।

उन्होंने निर्देश दिया कि मलेरिया पॉजिटिव मरीज के ठीक हो जाने के बाद 1 महीने पश्चात फिर से उस मरीज का फॉलो अप करके ब्लड सैंपल लेकर जांच किया जाए। साथ ही छिन्दगढ़ और कोंटा विकासखंड के गांव मलेरिया के अधिक प्रभाव वाले स्थानों में आते हैं, यहां विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

# मां और बेटी दोनों की जलने से मौत

**भिलाई,21 जुलाई।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के अंदर से दरवाजा बंद कर एक महिला ने अपनी महज 7 साल की बेटी के अग्नि स्नान कर लिया। घटना में मां और बेटी दोनों की जलने से मौत हो गई। घटना आज सुबह - सुबह दुर्ग जिले के नंदिनी नगर थाना क्षेत्र में बीएसपी टाउनशिप के आवास पर हुई है। मृतकों में जागेश्वरी साहू ( 35 साल ) और उसकी बेटी दिव्यांशी साहू ( 7 साल) है। जागेश्वरी अपने पति से अलग होकर बीएसपी रिटायर्ड पिता टीकाराम साहू के घर पर बेटी के साथ रह रही थी। फिलहाल घटना के कारण का पता नहीं चल पाया है नंदिनी प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया किआज सुबह साढ़े 6 से 7 बजे के बीच नंदिनी नगर बीएसपी टाउनशिप के स्ट्रीट नंबर 36 के एक आवास महिला



जागेश्वरी साहू और उसकी बेटी दिव्यांशी साहू की आग से जलकर मौत हो गई। रसोई गैस सिलेंडर सही सलामत होने और अंदर से बंद कमरे में केरोसिन की बदबू आ रही थी, जिससे मामला खुदकुशी का माना जा रहा है। जागेश्वरी का पिता टीकाराम साहू रोज की तरह सुबह 6 बजे मार्निंग वॉक पर निकला था। लगभग 7 बजे जब वह घर लौटा तो अंदर से धुआं निकल रहा था। उसने दरवाजा खोलने की कोशिश की। लेकिन अंदर से बंद थी। फिर उसने बेटी और नातिन को आवाज दी। अंदर से कोई जवाब नहीं आया तो पड़ोसियों के माध्यम से दरवाजा तोड़ा गया। अंदर जाने पर मां और बेटी दोनों बुरी तरह से जल चुके थे। जागेश्वरी का शादी के बाद पति से ठीक ठाक संबंध नहीं रहा। इसलिए वह ससुराल से आकर अपने रिटायर्ड पिता के घर पर रह रही थी सूचना पर दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) अभिषेक झा और फॉरेंसिक अधिकारी एक्सपर्ट के साथ पहुंचे त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सभी एंगल से जांच किया और दोनों शव को पंचनामा के बाद पोस्ट मार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज कचांदुर भेजा गया।

# खरसिया के श्याम मुरथलिया की उड़ान अब अंतराष्ट्रीय मंच तक



**खरसिया,21 जुलाई।** हमें यह बताते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है कि स्वर्गीय श्री राम मुरथलिया जी के भांजे, खरसिया निवासी श्याम सिंघल मुरथलिया ने रायपुर के अपने साथियों हरजोत सलूजा और ऋतिका जुमानी के साथ मिलकर ढूढ्ढ (भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पिच डेक प्रतियोगिता में अखिल भारतीय प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

यह प्रतियोगिता 18-19 जुलाई 2025 को जयपुर में आयोजित हुई थी, जिसमें देशभर की प्रमुख टीमों ने भाग लिया। श्याम एवं उनकी टीम ने पहले क्षेत्रीय स्तर पर 34 टीमों को हराकर CIRC (Central India Regional Council) का प्रतिनिधित्व किया और फिर राष्ट्रीय स्तर पर 4 टीमों को पराजित कर यह ऐतिहासिक जीत दर्ज की। अब यह विजेता टीम भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाएगी, जहाँ ढूढ्ढ की ग्लोबल पिच डेक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।यह खरसिया ही नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ और भारत के लिए एक अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। हम समस्त नगरवासियों से आग्रह करते हैं कि इन होनहार युवाओं को अपना आशीर्वाद व शुभकामनाएं दें ताकि वे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी भारत का नाम रोशन करें।

# निरोगी जीवन के लिए आयुर्वेद जरूरीः राधेश्याम राठिया

**रायगढ़, 21 जुलाई।** लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया के मुख्य आतिथ्य में विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेले का आयोजन घरघोड़ा के ग्राम भालूमार में किया गया। शिविर में 560 लोगों का निःशुल्क आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार किया गया, जिसमें 85 लोगों का रक्त परीक्षण भी शामिल था। इस अवसर पर लोगों को जागरूक करने हेतु आयुर्वेद से संबंधित विभिन्न जानकारियों के पंपलेट भी वितरित किए गए।

राठिया ने आयुष विभाग द्वारा आयोजित मेले के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि आयुर्वेद पद्धति द्वारा रोगों का उपचार जड़ से संभव है। पुराने से पुरानी और गंभीर बीमारियों का इलाज भी आयुर्वेद



में संभव है। इसके लिए आवश्यक है कि लोग धैर्य रखें और विधिपूर्वक सही तरीके से उपचार कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी आयुर्वेद की महत्ता के बारे में लोगों को बताए।आयुक्त आयुष संचालनालय रायपुर के आदेशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ.गौराहा के मार्गदर्शन एवं डॉ.मित्र भानु गुप्ता के नेतृत्व में भालूमार में आयोजित आयुष स्वास्थ्य मेला में लोगों को पुराने बीमारी से निजात दिलाने के लिए आयुर्वेद में स्नेहंन, स्वेदन, वमन, विरेचन, जानु बस्ती, कटी बस्ती, रक्त मोक्षणं, अग्निकर्म, जालौका जैसे विधा का उपयोग किया जा रहा है। आयुर्वेद विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसका लाभ जरूरत मंद लोग ले रहे हैं। मेले में ज्यादातर संधिवात, आमवात, चर्मरोग, ज्वर, कास, श्वास, प्रतिश्याय, उदररोग, दौरबल्य, अनिद्रा, उच्चरक्तचाप, मधुमेह, अर्श, स्त्रीरोग, इत्यादि के रोगी पाए गए। इस अवसर पर डॉ.राज कुमार नायक, डॉ नागेंद्र नायक, डॉ प्रदुमन पाणिग्राही, डॉ रवि शंकर पटेल, डॉ कुणाल पटेल, डॉ प्रेम नारायण राठिया, डॉ.अनिल पटेल, डॉ आर्ची एक्का, डॉ निकिता, फार्मासिस्ट विजय बेहरा, पद्मलोचन् सिदार, करुणा सिदार मालाकर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ग्राम जोरंडाझरिया के बेहराटोला में पुनः बहाल हुई विद्युत आपूर्ति ग्रामीणों ने जताया मुख्यमंत्री के प्रति आभार

**जशपुरनगर 21 जुलाई ।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर ग्राम जोरंडाझरिया के बेहराटोला में विद्युत आपूर्ति पुनः प्रारंभ हो गई है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को इससे बड़ी राहत मिली है।



विद्युत आपूर्ति पुनः बहाल होने पर ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि विकासखंड फरसाबहार के ग्राम जोरंडाझरिया के बेहराटोला के ग्रामीणों ने कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली की आपूर्ति बाधित है। इस वजह से उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की, जिसके तहत विद्युत विभाग द्वारा बेहराटोला में ट्रांसफार्मर बदल दिया गया। इससे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा बगिया में स्थापित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में जनसमस्याओं का तत्परता के साथ समाधान किया जाता है। विशेषकर बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से संबंधित समस्याओं पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जा रही है।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में छग की भूमिका महत्वपूर्ण : साय



**रायपुर 21 जुलाई ।** शिक्षा ही वह साधन है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने लक्ष्यों की प्राप्ति कर सकता है और अपने सपनों को साकार कर सकता है। शिक्षा से ही रोजगार के अवसर सृजित होते हैं। व्यक्तिगत और सामाजिक विकास के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास÷ हमारी सरकार का मूलमंत्र है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के राष्ट्रीय संकल्प में छत्तीसगढ़ की महत्त्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित है। हमने राष्ट्रीय विजन के अनुरूप छत्तीसगढ़ विजन डॉक्युमेंट भी जारी किया है, और उसके प्रत्येक बिंदु को धरातल पर उतारने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बिलासपुर के सिम्स ऑडिटोरियम में आयोजित रजक युवा गाडगे सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यह बात कही।मुख्यमंत्री श्री साय ने संत गाडगे महाराज की पूजा-अर्चना कर राज्य स्तरीय गाडगे सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने सम्मेलन में रजक समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, प्रबुद्धजनों एवं समाजसेवियों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि रजक समाज का सामाजिक समरसता और सेवा भाव हमेशा से अनुकरणीय रहा है।छत्तीसगढ़ के प्रत्येक गांव में इस समाज की उपस्थिति है, और शादी-विवाह, छठ्ठी सहित अन्य सनातन परंपराएं इनके सहयोग के बिना पूर्ण नहीं होतीं। इनके पुश्तैनी व्यवसाय के सशक्तिकरण हेतु राज्य सरकार ने रजककार विकास बोर्ड का गठन किया है, जिसके माध्यम से उन्हें किफायती दर पर ऋण सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को उन्नति के नए आयाम तक पहुँचाने के लिए राज्य सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

### भाजपा के द्वेषपूर्ण कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का चक्काजाम कल : विनोद चंद्राकर

**महासमुंद,21 जुलाई।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के नेतृत्व में कल 22 जुलाई 2025 दिन मंगलवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक कांग्रेसजनों द्वारा नदी मोड़ ओवरब्रिज के ऊपर चक्काजाम किया जाएगा। पूर्व विधायक श्री चंद्राकर ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में पूरे प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत महासमुंद कांग्रेस कमेटी द्वारा नदीमोड़ घोड़ारी ओवरब्रिज पर कांग्रेस जन कल 12 बजे एकत्र होंगे तथा एनएच-53 पर चक्काजाम करेंगे। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी एजेंसियों का निजी लाभ के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। सरकार की विफलताओं, उसकी कमियों को उजगार करने वाले तथा शासन के गलत नीतियों का विरोध करने वाले, जनता की आवाज उठाने वाले विपक्षी नेताओं को डराने तथा उनकी आवाज को दबाने द्वेषपूर्ण असंवैधानिक कृत्य भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है।

# निजी उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेता केन्द्रों का औचक निरीक्षण



**महासमुंद 21 जुलाई ।** जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा 19 जुलाई को विकासखण्ड महासमुंद अंतर्गत ग्राम खट्टी के दो निजी कृषि विक्रय केन्द्रों सिन्हा कृषि केन्द्र एवं लक्ष्मी कृषि सेवा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिन्हा कृषि केन्द्र में उर्वरक का पॉस स्टॉक मिलान किया गया, जिसमें निर्धारित मात्रा में उर्वरकों का भंडारण पाया गया। साथ ही केंद्र में उपलब्ध बिल बुक रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर तथा कृषकों को प्रदाय बिलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेजों को समय पर एवं सही स्थिति में पाया गया।वहीं लक्ष्मी कृषि सेवा केन्द्र के निरीक्षण में 6 बोरी डीएपी उर्वरक नमी युक्त पाई गई, जिसे तत्काल निरुद्ध कर दिया गया। डीएपी का सेम्पल लेकर प्रयोगशाला रायपुर भेजने की कार्रवाई की गई है। इसके अतिरिक्त विक्रय केन्द्र द्वारा बोर्ड पर स्टॉक प्रदर्शन नहीं करने, स्टॉक रजिस्टर संधारित नहीं करने तथा ग्राहकों को बिल प्रदाय नहीं करने जैसी अनियमितताएं पाई गईं। इस संबंध में संबंधित विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

# पौधरोपण करना पुनीत और प्रेरणादायी कार्यः विजय शर्मा

**बालोद, 21 जुलाई।** बालोद जिला प्रशासन की पहल पर आयोजित वृहद वृक्षारोपण सह वन महोत्सव कार्यक्रम में एक लाख 74 हजार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि बालोद जिले के लिए यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने इस पुनीत कार्य में शामिल सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी। समारोह में श्री शर्मा ने वृक्षारोपण कार्य में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया और उपस्थित जनसमूह को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अनिवार्य रूप से पौधरोपण करने तथा उनकी देखभाल एवं सुरक्षा की समुचित उपाय सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे माताओं और बहनें जब कोई संकल्प ले लेती है, तो उस संकल्प को पूरा करके ही छोड़ती है। उन्होंने इस कार्यक्रम मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि जब हम रोजमर्रा के कार्यों के



अलावा जन कल्याण के पुनीत भावना को लेकर जनहित में इस प्रकार के महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने का बीड़ा उठाते है तब वह कार्य सभी के लिए आदर्श एवं प्रेरणादायी बन जाता है। इस पावन कार्य का लाभ हमारी आने वाली पीढ़ी को चीरकाल तक मिलता रहेगा। इस मौके पर उन्होंने वेबएक्स के माध्यम से पौधरोपण के कार्य में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री भोजराज नाग ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप उसका दुष्प्रभाव मानव जाति के अलावा संपूर्ण जीव-जगत पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पुराणों में उल्लेख किया गया है कि एक पेड़ लगाने के पुनीत कार्य को दस पुत्रों के बराबर माना गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से प्रत्येक नागरिक जुड़ने की अपील की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और सांसद श्री भोजराज नाग सहित सभी अतिथियों, आमनागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अपनी-अपनी माताओं के नाम से पौध रोपण किया। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि गुरूर विकासखण्ड भू-जल की दृष्टि से क्रिटिकल जोन में शामिल है। भविष्य में आने वाली भूजल संकट से निपटने हेतु बालोद जिले में जल जतन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहा है।

### कलेक्टर ने किया गढ़फूलझर का औचक निरीक्षण

**महासमुंद, 21 जुलाई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा ग्राम गढ़फूलझर प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने शुक्रवार को ग्राम का दौरा किया। कलेक्टर द्वारा विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति जानने के लिए निरंतर विभिन्न स्थलों का दौरा किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने बसना विकासखंड के ग्राम गढ़फूलझर का औचक निरीक्षण किया और सितंबर माह तक निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की घोषणाओं और मांग पत्रों के तहत चल रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इनमें अधोसंरचना निर्माण कार्य, चौपाल निर्माण, सामुदायिक शौचालय, उद्यान विकास कार्य, तालाब सौंदर्यीकरण,सर्वजन उपयोगी मंगल भवन निर्माण जैसे कार्य शामिल रहे। कलेक्टर ने इन सभी कार्यों की गुणवत्ता की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं की स्थिति की भी जानकारी ली तथा लाभार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

चेक वितरण



**कोरबा।** विधानसभा अंतर्गत दर्री के कलमीडुग्गु, प्रगतिनगर के 10 लोगों की फरवरी माह में कुम्भ यात्रा के दौरान सड़क हादसे में दुःखद निधन हो गया था। सभी शोक संतृप्त परिवार को वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने 1-1 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की थी। मंत्री श्री देवांगन ने आज कोहड़िया, कोरबा निवास कार्यालय में सभी 10 परिवार को 1-1 लाख की सहायता राशि का चेक वितरण किया।

# इस शहर को भी अपना घर समझे और स्वच्छ रखेः अरुण साव

**कोरबा 21 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि व विधायी कार्य, तथा नगरीय प्रशासन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव और उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज नगर पालिक निगम कोरबा अंतर्गत लगभग 30 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। जिसमें भूमिपूजन के 74 कार्य राशि 24 करोड़ 76 लाख और लोकार्पण के 19 कार्य राशि चार करोड़ 60 लाख रूपये शामिल है। उन्होंने विवेकानंद उद्यान के सामने अटल परिसर का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने अटल परिसर में स्व श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकूर, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, एसपी श्री सिद्दार्थ तिवारी सहित वार्ड पार्षद अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी और आम नागरिक उपस्थित थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि यह गौरव की बात है कि अब प्रदेश के नगरीय निकायों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त होने लगा है। कोरबा नगर पालिक निगम को भी स्वच्छता के लिए पुरुस्कार मिलना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि कोरबा में तेज गति से स्वच्छता का काम हो रहा है। आने वाले समय में कोरबा नम्बर वन पर रहे, इसके लिए आमजनों का सहयोग जरूरी है। प्रभारी मंत्री श्री साव ने कहा कि जिस तरह हर व्यक्ति अपने घर को स्वच्छ रखता है। उसी तरह शहर को भी अपना घर समझे और स्वच्छ रखे। कोरबा शहर साफ सुथरा हो, इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ियों का मान सम्मान करते हुए अलग राज्य बनाया। आज उनकी वजह से ही यह छत्तीसगढ़ विकास की राह में लगातार आगे बढ़ रहा है। अटल जी के देश के विकास में योगदान को याद करने के लिए प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण कर प्रतिमा स्थापित की जा रही है। श्री साव ने कोरबा के विकास के लिए नगर निगम में 72 कार्यों हेतु 18 करोड़ रुपये और देने की घोषणा करते हुए कहा कि कोरबा ऊर्जाधानी है और यहाँ के लोगों में ऊर्जा बनी रहे।

# योजना से कमार जनजाति परिवारों के जीवन में बहने लगी बदलाव की बयार

**महासमुंद 21 जुलाई ।** जनजातीय समाज को मुख्यधारा से जोड़ने एवं उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय आदिवासी महा अभियान (पीएम-जनमन) आज सामाजिक न्याय, समावेशन और समर्पित प्रशासन का उत्कृष्ट उदाहरण बन चुका है। पीएमजनमन से आज कमार समुदाय अंधेरे से उजाले, वंचना से विकास और अलगाव से आत्मबल की ओर बढ़ रहा है। पीएम-जनमन योजना उनके लिए सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता एक सार्थक कदम है।इस अभियान की शुरुआत 15 नवंबर 2023 को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर की गई थी। इस दिन को जनजातीय गौरव दिवस'' के रूप में मनाई जाती है। यह योजना भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ते हुए उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर देना है। महासमुंद जिले में निवास करने वाली कमार जनजाति, देश की विशेष पिछड़ी जनजातियों में शामिल है। यह समुदाय पारंपरिक रूप से जंगल, कंद-मूल और मजदूरी पर आश्रित रहा है। इनकी बसाहटें मुख्य ग्राम और शहरों से दूर जंगलों में स्थित हैं, जहाँ मूलभूत सुविधाओं का वर्षों तक अभाव रहा। सत्र 2015-16 के आधारभूत सर्वेक्षण के अनुसार, महासमुंद जिले में 923 कमार परिवार हैं जिनकी कुल जनसंख्या 3309 है। जिसमें पुरुष 1614 एवं महिला जनसंख्या 1695 है। जिले में इनका निवास विकासखण्ड महासमुंद, बागबाहरा एवं पिथौरा के कुछ ग्रामों में है। इनमें बड़ी संख्या में लोग अब भी कच्चे मकानों, बिना बिजली, बिना राशन, बिना स्वास्थ्य सुविधा और बिना सड़क संपर्क के जीवनयापन कर रहे थे।

# महिला समूहों ने सेंटरिंग प्लेट आपूर्ति से खोली आजीविका की नयी राह

**रायगढ़, 21 जुलाई ।** रायगढ़ ब्लॉक की स्व-सहायता समूहों की महिलाएं अब आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर हो रही हैं। 100 समूहों की महिलाओं ने सामूहिक रूप से लोन लेकर सेंटरिंग प्लेट निर्माण का कार्य शुरू किया है। सेंटरिंग प्लेट का निर्माण कार्य न केवल महिलाओं को एक स्थिर आय का स्रोत प्रदान कर रहा है, बल्कि यह ग्रामीण विकास और निर्माण क्षेत्र में भी उनकी उपस्थिति को मजबूत कर रहा है। महिलाएं अब न सिर्फ घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम हो रही हैं, बल्कि वे अपने परिवार के विकास में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के सामूहिक विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। रायगढ़ ब्लॉक में लगभग 100 समूह की महिलाओं ने संकुल एवं



ग्राम संगठन से सीआईएफ राशि के तहत 60 हजार रुपये से लेकर 3 लाख रुपये तक का लोन प्राप्त किया है। इन लोन की राशि से महिलाओं ने सेंटरिंग प्लेट बनवा कर उसे पीएम आवास सहित गांवों में चल रहे अन्य निर्माण कार्यों के लिए किराये पर उपलब्ध करवा रही हैं। इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि हो रही है, बल्कि वे उद्यमिता की राह पर भी बढ़ चली हैं। सेंटरिंग प्लेट निर्माण के इस सफल उदाहरण ने अन्य महिला समूहों को भी प्रेरित किया है और वे भी इस व्यवसाय को अपनाने के लिए आगे आ रही हैं।

### पीएम आवास से निकला आजीविका का मौका, निर्माण में भी आई तेजी

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास निर्माण में आवश्यक सेंटरिंग प्लेट की आपूर्ति अब ये महिलाएं खुद कर रही हैं, इससे एक ओर निर्माण की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है, वहीं दूसरी ओर महिलाओं को स्थायी रोजगार और आय का साधन भी मिल रहा है। जिससे वे अपने परिवारों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने में सक्षम हो रही हैं। महिलाओं की इस सहभागिता से पीएम आवास निर्माण में भी तेजी आई है।

### बिहान से मिली वित्तीय सहायता ने बढ़ाया काम का स्तर, लखपति दीदी बनने की राह पर अग्रसर

ग्राम पंचायत बनोरा निवासी पुष्पांजलि निषाद ने बताया कि पहले उनके समूह ने बैंक से सामूहिक लोन लेकर इस कार्य की शुरुआत की थी। शुरुआत में उन्होंने छोटे स्तर पर सेंटरिंग प्लेट का निर्माण किया और धीरे-धीरे काम को बढ़ाया। पहले इस काम के लिए उन्हें पर्याप्त वित्तीय मदद नहीं मिल रही थी, लेकिन बिहान योजना के अंतर्गत संकुल स्तरीय संगठन से मिले लोन के बाद उन्होंने इस कार्य को बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। जिससे महिलाएं लखपति दीदी बनने की ओर अग्रसर हो रही हैं।

## एक नजर

### एशिया कप हॉकी- पाकिस्तान टीम भारत नहीं आएगी: सुरक्षा को लेकर चिंता जताई

**नई दिल्ली, 21 जुलाई (एजेंसी)।** पाकिस्तान हॉकी टीम भारत में होने वाले एशिया कप में भाग लेने के लिए नहीं आएगी। इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम इस साल फरवरी-मार्च में हुए चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान खेलने के लिए नहीं गई थी। भारत ने अपने सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू दुबई में खेले थे। पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ को सूचित किया है कि वह अगले महीने भारत में होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम भेजने में असमर्थ है। PHF का कहना है कि भारत में मौजूदा हालात और सुरक्षा चिंताओं के कारण यह फैसला लिया गया है। हॉकी एशिया कप 27 अगस्त से होना है, जो 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर स्टेडियम में खेला जाएगा। अध्यक्ष तारिक बुगती ने बताया कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ को पत्र लिखकर अपनी चिंताएं जाहिर की हैं। हमने उन्हें (भारत) बताया है कि मौजूदा परिस्थितियों में हमारी टीम को भारत में खेलने के दौरान सुरक्षा जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। बुगती के मुताबिक, हमारे खिलाड़ी भी भारत में होने वाले एशिया कप में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक नहीं हैं। यह टूर्नामेंट वर्ल्ड कप का क्वालिफिकेशन भी है। बुगती ने यह भी बताया कि FIH और AHF को यह तय करना है कि टूर्नामेंट और पाकिस्तान के मैचों को लेकर क्या करना है।

**पीएचएफ बोला- हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा की क्या गारंटी है:** PHF प्रमुख ने यह भी सवाल उठाया कि भारत में उनकी टीम की सुरक्षा की क्या गारंटी है। हमने उनसे पूछा है कि वे हमें यह बताएं कि हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी और वे टूर्नामेंट पर कैसे ध्यान दे पाएंगे।

### टेस्ट क्रिकेट में दो-डिवीजन सिस्टम की संभावना

# आईसीसी एनुअल मीटिंग में 8 सदस्यीय टीम बनी, अगले साल हो सकती है चैंपियंस लीग टी-20 की वापसी

**सिंगापुर, 21 जुलाई (एजेंसी)।** टेस्ट क्रिकेट में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2027 से 2-टियर सिस्टम लागू हो सकता है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने सोमवार को एनुअल जनरल मीटिंग (AGM) में 8 सदस्यीय टीम बनाई हैं। इस समिति की अध्यक्षता ICC के नए CEO संजोग गुप्ता कर रहे हैं।

टेस्ट टियर सिस्टम में मौजूदा 9 टीमों की जगह 6-6 टीमों की दो डिवीजन बनाई जाएंगी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पहले से इस फॉर्मेट के समर्थन में रहे हैं और चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत आपस में हर तीन साल में दो बार भिड़ें, जो मौजूदा चार साल में दो बार की तुलना में अधिक है। 2009 से 2014 के बीच खेले जाने वाली चैंपियंस लीग टी-20 अगले साल से दोबारा शुरू हो सकती हैं।

### इसे अब क्यों लागू कर रहे हैं?

पिछले साल ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच खेली गई 5 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारी भीड़ देखने को मिली। फैंस के अलावा, ब्रॉडकास्टिंग और लाइव स्ट्रीमिंग पर भी बड़ी संख्या में फैंस इस सीरीज से जुड़े। BGT ऑस्ट्रेलिया में अब तक की चौथी सर्वाधिक देखी गई सीरीज है। इस सीरीज के 8 लाख से ज्यादा मुकाबले फैंस ने मैदान पर आकर देखे हैं।



### डब्ल्यूटीसी के अगले 3 फाइनल की मेजबानी इंग्लैंड को

इससे पहले रविवार को आईसीसी ने इंग्लैंड को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अगले 3 फाइनल की मेजबानी दे दी। इंग्लैंड 2027, 2029 और 2031 में होने वाले WTC फाइनल की मेजबानी करेगा। इंग्लिश बोर्ड को यह मेजबानी पिछले 3 सफल आयोजन को देखते हुए दी गई।

**चैंपियंस लीग टी20 की हो सकती है वापसी :** करीब 10 साल बाद चैंपियंस लीग टी20 टूर्नामेंट एक बार फिर लौट सकता है। आईसीसी इस अंतरराष्ट्रीय क्लब आधारित टी20 प्रतियोगिता को फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्डों ने इस विषय में चर्चा की है और तरूमें कई अहम सदस्य देशों से इस प्रस्ताव को समर्थन भी मिला है। पिछली बार यह टूर्नामेंट 2014 में भारत में हुआ था, जहां चेन्नई सुपर किंग्स ने फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। 2009 से 2014 के बीच छ्ष्ल्ड्20 के 6 सीजन आयोजित हुए थे। चार भारत में और दो दक्षिण अफ्रीका में। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने यह टूर्नामेंट दो-दो बार, जबकि ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सर्स ने एक-एक बार जीता था।

**एजीएम के अन्य फैसले :** फ्रांस क्रिकेट एसोसिएशन के गुरुमूर्ति पलानी, हॉन्ग कॉन्ग के अनुराग भटनागर और कनाडा के गुरदीप क्लैयर को ICC चीफ एग्जीक्यूटिव कमेटी (CEC) के एसोसिएट मेंबर्स देशों का प्रतिनिधि बनाया गया। टीमोर लेस्ट और जाम्बिया देशों को ICC ने एसोसिएट मेंबर्स का हिस्सा बना लिया। अब ICC में 110 रजिस्टर्ड देश हो गए।

**अफगानी मूल की महिला क्रिकेटर्स को सपोर्ट किया:** आईसीसी ने अफगानी मूल की महिला क्रिकेटरों को सपोर्ट करने के लिए बीसीसीआई और ईबीसी और के साथ मिलकर प्रोग्राम शुरू किया है। जो डिप्टी चेयर इमरान ख्वाजा की देखरेख में चलेगा। इनमें हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग, घरेलू क्रिकेट खेलने के मौके और 2 बड़े टूर्नामेंटों में भागीदारी शामिल होगी।

### नीतीश रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर प्रैक्टिस के समय घुटने में चोट लगी, अर्शदीप चौथा टेस्ट नहीं खेलेंगे

**मैनचेस्टर, 21 जुलाई (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। रविवार को प्रैक्टिस सेशन के समय नीतीश को घुटने में चोट लगी थी। सोमवार को बीसीसीआई ने मीडिया रिलीज में बताया कि नीतीश कुमार रेड्डी पूरी टेस्ट सीरीज से और लेफ्ट आर्म पेसर अर्शदीप सिंह मैनचेस्टर (चौथे) टेस्ट से बाहर हो गए हैं। अर्शदीप सिंह को बेकेनहम में नेट प्रैक्टिस के दौरान बाएं हाथ के अंगूठे में चोट लगी थी। BCCI की मेडिकल टीम उनकी हालत पर नजर रखे हुए है। बैकअप के तौर पर अंशुल कंबोज को टीम में शामिल किया गया है। वे मैनचेस्टर में टीम के साथ जुड़ चुके हैं। भारतीय टीम सीरीज में 1-2 से पीछे है। चौथा टेस्ट 23 जुलाई से शुरू होगा।

**भारतीय टीम मैनचेस्टर पहुंची:** भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों टीमें रविवार को मैनचेस्टर पहुंच गईं। उससे पहले टीमें लंदन के बेकनहम में ही प्रैक्टिस कर रही थीं। लंदन के द लॉर्ड्स स्टेडियम में तीसरा टेस्ट खेला गया था। जिसे इंग्लैंड ने 22 रन से जीतकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। भारत ने दूसरा टेस्ट जीता था। टीम इंडिया चौथा टेस्ट जीतकर सीरीज में 2-2 से बराबरी करना चाहेगी।

## बैडमिंटन एशिया जूनियर: हांगकांग को हराकर भारत ग्रुप डी में टॉप पर



**नई दिल्ली, 21 जुलाई (एजेंसी)।** भारत ने बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप में हांगकांग को 110-100 से हराकर ग्रुप डी में टॉप स्थान हासिल किया है। अब सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला जापान से होगा।

रविवार को मुकाबले में रुजुला रामू ने हांगकांग के आइपी सुम याउ को 11-8 से हराकर भारत को विजयी शुरुआत दिलाई। इसके बाद दुनिया की छठे नंबर की जोड़ी भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू ने चेउंग साई शिंग और देंग ची फई के खिलाफ जीत दर्ज कर भारत की बढ़त 22-13 कर दी।

**तन्वी शर्मा ने सिंगल्स में बढ़त दिलाई:** पांच मैचों के बाद दोनों टीमों के बीच 55-49 का अंतर रह गया, लेकिन जूनियर वर्ल्ड नंबर एक तन्वी शर्मा ने दूसरे ग?र्ल्स सिंगल्स में लियू होई किउ अन्ना को हराते हुए भारत को 66-54 से आगे कर दिया। इसके बाद अगले चार मैच कांटे के रहे, लेकिन भारत ने बढ़त बनाए रखी और आखिर में 110-100 से जीत दर्ज की।

**रिले स्कोरिंग फॉर्मेट में खेला जा रहा है टूर्नामेंट:** यह टूर्नामेंट 110 अंकों के रिले स्कोरिंग फॉर्मेट में खेला जा रहा है, जिसमें टीमें 10 मुकाबलों में 110 अंक हासिल करने होते हैं। भारत का इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 में रहा था, जब उसने कांस्य पदक जीता था। पिछले साल भारत मलेशिया से 2-3 से हारकर क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गया था।

**टूर्नामेंट में 17 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया है:** इस टूर्नामेंट में 17 टीमें चार ग्रुप में बंटी हैं। तीन ग्रुप में तीन-तीन टीमें और एक ग्रुप में पांच टीमें हैं। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचती हैं। सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीमों को ब्रॉन्ज मेडल दिया जाता है।

## फीडे विमेन वर्ल्ड कप: कोनेरू हंपी सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला; वैशाली हारीं

**बटुमी, 21 जुलाई (एजेंसी)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी ने जॉर्जिया के बटुमी में खेले जा रहे स्नढ्ढष्ठश्व विमेन वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। वह यहां तक का सफर तय करने वाली पहली भारतीय महिला चेस खिलाड़ी हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीन की सॉन्ग युक्सिन को हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

हम्पी ने रविवार को क्वार्टर फाइनल के खेले गए दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ी को ड्रॉ पर रोका। इससे पहले उन्होंने शनिवार रात बटुमी में दो गेमों की क्वार्टर फाइनल सीरीज का पहला गेम जीतकर बढ़त हासिल कर ली थी। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में, हरिका द्रोणावल्ली और उभरती हुई स्टार दिव्या देशमुख के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। हालांकि, इनमें से एक का सेमीफाइनल में जाने पर फैसला सोमवार को खेले जाने वाले दूसरे गेम के बाद होगा। इससे पहले हम्पी ने स्विट्जरलैंड की पूर्व वर्ल्ड चैंपियन एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक को टाईब्रेक्स में 1.5-0.5 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया था।

**पहली बार भारत की चार महिला खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची:** इस टूर्नामेंट में पहली बार भारत की चार महिला खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची। कोनेरू हंपी के अलावा हरिका द्रोणवल्ली, आर. वैशाली और दिव्या देशमुख ने क्वार्टरफाइनल में अपना स्थान पक्का किया।



**वैशाली को मिली हार:** वैशाली रमेशबाबू को चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त तान झोंगयी से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही इस टूर्नामेंट में उनका अभियान समाप्त हो गया। वैशाली ने कजाकिस्तान की मेरुएर्त कमालिदेनोवा को हराकर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया था।

## नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप इंडोर स्टेडियम में गूंजे पंच-किक्स

- पंजाब ने मारी बाज़ी, सीएम साय ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**रायपुर, 21 जुलाई।** राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 का अंतिम दिन शानदार उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। चार दिवसीय इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से आई टीमों ने दमदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विजेता खिलाड़ियों को अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल और महापौर मीनल चौबे भी मौजूद रहीं।

इस अवसर पर सीएम विष्णुदेव साय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ अच्छा लगा होगा। छत्तीसगढ़ खनिज संपदा से भरा हुआ है और एक प्रोड्यूसिंग स्टेट है। छत्तीसगढ़ अब नक्सलवाद को समाप्त करने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। खेल हमारे आत्मविश्वास, समर्पण की भावना को बढ़ता है। खेल में किसी की जीत नहीं होती न हार होती है, प्रतिभा का प्रदर्शन होता है। खिलाड़ियों को सरकार आर्थिक रूप से सहायता देती है, खिलाड़ियों को सरकार नौकरी भी देती है। ओलंपिक में गोल्ड मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को 3 करोड़ रुपये सरकार देती है। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष छगनलाल मुंदड़ा और प्रभारी राकेश मिश्रा ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को बधाई दी।

### राष्ट्रीय कोर्फबॉल चैंपियनशिप

## छत्तीसगढ़ टीम में सरगुजा के 8 खिलाड़ियों का चयन, तमिलनाडु में दिखाएंगे जलवा

**अंबिकापुर, 21 जुलाई।** 21वीं सब-जूनियर और 30वीं जूनियर राष्ट्रीय कोर्फबॉल चैंपियनशिप का आयोजन चेन्नई, तमिलनाडु में 24 से 27 जुलाई 2025 तक किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश की टीम में सरगुजा जिले के कई खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जूनियर वर्ग में अभिषेक शर्मा, श्रेया उपाध्याय और विभा सोनवानी का चयन हुआ है, जबकि सब-जूनियर वर्ग में रुद्राक्षी जैन, संजना मिंज, रजनीकांता, रीत्विक राज गुप्ता और आयुष बारी को टीम में स्थान मिला है।

राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि इन खिलाड़ियों ने कठिन परिश्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर टीम में अपनी जगह बनाई है। यह सरगुजा जिला के लिए गर्व की बात है कि यहां से इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है।



जिला कोर्फबॉल संघ के सभी पदाधिकारियों, कोच एवं अभिभावकों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# व्यापार

## सोना 548 बढ़कर 98,791 प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी 1.13 लाख किलो बिकी



**नई दिल्ली, 21 जुलाई (एजेंसी)।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 21 जुलाई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 548 बढ़कर 98,791 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले इसका दाम 98,243 पर था।

चांदी की कीमत 60 बढ़कर 1,12,760 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले चांदी 1,12,700 पर थी। वहीं 14 जुलाई को चांदी ने 1,13,867 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इसके पहले सोने ने 8 जून को 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत

**दिल्ली :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,300 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,950

**मुंबई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800

**कोलकाता:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800

**चेन्नई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800

**भोपाल:** 24 कैरेट सोने की कीमत 100,200 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,850

**इस साल अब तक 22,629 महंगा हुआ सोना:** इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,629 रुपए बढ़कर 98,791 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 26,743 रुपए बढ़कर 1,12,760 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

**सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें :** हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी HUID कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- AZ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।


# जेन स्ट्रीट को फिर से ट्रेडिंग की इजाजत

## लेकिन ऑप्शन ट्रेडिंग नहीं करेगी, 4844 करोड़ जमा किए; बाजार में हेराफेरी के आरोप लगे थे

**मुंबई, 21 जुलाई ।।** अमेरिका की ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट को भारतीय शेयर बाजार में फिर से ट्रेडिंग शुरू करने की मंजूरी मिल गई है। यह जानकारी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के हवाले से सामने आई है।

लेकिन अब कंपनी ने सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफइंडिया यानी, सेबी को आश्वासन दिया है कि वह ऑप्शंस में ट्रेडिंग नहीं करेगी। कैश मार्केट में भी तब तक नहीं उतरेगी, जब तक वह सेबी को अपनी ट्रेडिंग रणनीति के बारे में पूरी तरह से संतुष्ट नहीं कर देती।

सेबी ने 3 जुलाई 2025 को जेन स्ट्रीट की ट्रेडिंग पर रोक लगा दी थी। सेबी का कहना था कि जेन स्ट्रीट ने निफ्टी 50 और बैंक निफ्टी में हेराफेरी की, जिससे उसे भारी मुनाफा हुआ। जेन स्ट्रीट ने जनवरी 2023 से मई 2025 तक जेन स्ट्रीट ने 36,671 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था, जिसमें से 4,844 करोड़ रुपए को गैर-कानूनी मुनाफा माना गया। सेबी ने निर्देश दिया था कि ट्रेडिंग फिर से शुरू करने के लिए उसे 4,844 करोड़ रुपए एस्क्रो अकाउंट में जमा करने होंगे। जेन स्ट्रीट ने 11 जुलाई को यह राशि जमा कर दी। 18 जुलाई को सेबी ने उसे ट्रेडिंग की अनुमति दे दी। लेकिन, यह भी साफ कर दिया कि जेन स्ट्रीट को उन ट्रेडिंग पैटर्न्स से बचना होगा, जिन्हें मार्केट रेगुलेटर ने मैनिपुलेटिव माना था।



### जेन स्ट्रीट मार्केट में हेराफेरी ऐसे करती थी

SEBI ने अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट ग्रुप और उससे जुड़ी 3 कंपनियों पर बैन लगा दिया है। अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म पर इंडेक्स एक्सपायरी के दिन कीमतों में हेराफेरी करने का आरोप लगा है। SEBI ने 4,843.57 करोड़ रुपए की अवैध कमाई को जब्त करने का आदेश भी दिया है।

### सेंसेक्स ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट्स की भी जांच करेगा सेबी

सेबी ने जेन स्ट्रीट को ट्रेडिंग की अनुमति तो दे दी है, लेकिन NSE और BSE को कहा गया है कि वे जेन स्ट्रीट के भविष्य के ट्रेड्स पर बारीकी से निगरानी रखें। सेबी ने यह भी कहा है कि अगर जेन स्ट्रीट ने फिर से कोई मैनिपुलेटिव ट्रेडिंग पैटर्न अपनाया, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सेबी की जांच अभी भी जारी है और इसमें कई महीने लग सकते हैं। सेबी ने अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए सेंसेक्स ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट्स पर भी नजर डालने का फैसला किया है। सेबी को शक है कि जेन स्ट्रीट ने बीएसई के इंडेक्स में भी हेरफेर किया होगा।

**जेन स्ट्रीट ने हेराफेरी के आरोपों को गलत बताया:** जेन स्ट्रीट ने सेबी के आरोपों को गलत बताया है। कंपनी का कहना है कि उसने जो ट्रेडिंग की, वह एक सामान्य इंडेक्स आर्बिट्रेज स्ट्रैटेजी थी, जिसमें बाजार में कीमतों के अंतर का फायदा उठाया जाता है। कंपनी ने अपने कर्मचारियों को भेजे एक आंतरिक मेमो में कहा कि सेबी ने उनकी ट्रेडिंग को गलत समझा है। जेन स्ट्रीट ने यह भी कहा कि वह सेबी के साथ मिलकर इस मामले को सुलझाने की कोशिश कर रही है। हालांकि, कंपनी ने यह साफ कर दिया है कि वह फिलहाल भारत में ऑप्शंस ट्रेडिंग नहीं करेगी। जेन स्ट्रीट की भारत में डेरिवेटिव्स में हिस्सेदारी सामान्य शेयरों की तुलना में 5 से 7 गुना ज्यादा थी।

**आर्बिट्रेज स्ट्रैटजी और मार्केट मैनिपुलेशन में अंतर:** आर्बिट्रेज एक वैध ट्रेडिंग रणनीति है। इसमें ट्रेडर एक ही समय में अलग-अलग बाजारों या प्लेटफॉर्म्स में किसी शेयर, कमोडिटी या डेरिवेटिव की कीमतों में अंतर का फायदा उठाता है। मान लीजिए, एक कंपनी का शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर 100 रुपए में बिक रहा है, लेकिन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर 102 रुपए में। ट्रेडर BSE से शेयर खरीदकर NSE पर तुरंत बेच देता है और 2 रुपए का मुनाफा कमा लेता है। यह पूरी तरह से कानूनी है।

## मैच्युरिटी के बाद पैसे नहीं निकाले तो खाता फ्रीज होगा



**नई दिल्ली, 21 जुलाई (एजेंसी)।** पोस्ट ऑफिस ने स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स से जुड़े ऐसे खातों की पहचान और फ्रीज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है जो मैच्योर होने के तीन साल बाद तक भी एक्टिव नहीं हैं। इसका मकसद इन पैसों को सुरक्षित रखना और अनधिकृत लेन-देन रोकना है। डाक विभाग जनवरी और जुलाई में ऐसे खातों की जांच करेगा।

अगर आपका अकाउंट मैच्योर हो चुका है और आपने ना तो रकम निकाली है और ना ही अवधि को बढ़ाया है, तो उसे फ्रीज कर दिया जाएगा। यानी आप डिपॉजिट, विड्रॉल या ऑनलाइन सर्विस का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे।

### किन खातों पर पड़ेगा असर

यह नियम सभी प्रमुख स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स पर लागू होगा, जैसेः टाइम डिपॉजिट, मंथली इनकम स्कीम, पीपीएफ, सीनियर सिटिजन सेविंग्स स्कीम, किसान विकास पत्र, नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट (एनएससी), रिकरिंग डिपॉजिट।

### अकाउंट दोबारा कैसे एक्टिव करें

अगर आपका खाता फ्रीज हो गया है, तो उसे दोबारा एक्टिव कराने के लिए आपको पास के पोस्ट ऑफिस जाकर खाते और अपनी पहचान से जुड़े डॉक्यूमेंट जमा कराकर शुरू करा सकेंगे।

### पब्लिक प्रोविडेंट फंड पर 7.1% ब्याज दर

अभी पब्लिक प्रोविडेंट फंड (PPF) पर 7.1% सालाना ब्याज मिल रहा है। वहीं सीनियर सिटिजन सेविंग्स स्कीम और सुकन्या समृद्धि योजना पर 8.2% ब्याज मिल रहा है। स्मॉल सेविंग्स स्कीमों पर ब्याज दरें 4% से 8.2% के बीच हैं।

### हाउसहोल्ड सेविंग का मेजर सोर्स हैं ये स्कीम

स्मॉल सेविंग स्कीम भारत में हाउसहोल्ड सेविंग का मेजर सोर्स हैं और इसमें 12 इंस्ट्रूमेंट शामिल हैं। इन स्कीम्स में डिपॉजिटर्स को उनके पैसे पर तय ब्याज मिलता है। सभी स्मॉल सेविंग स्कीम्स से हुए कलेक्शन को नेशनल स्मॉल सेविंग्स फंड (NSSF) में जमा किया जाता है। स्मॉल सेविंग स्कीम्स सरकारी घाटे के फाइनेंसिंग की सोर्स के रूप में उभरी हैं।

### स्मॉल सेविंग इंस्ट्रूमेंट को तीन भागों में बांटा जा सकता है

**पोस्टल डिपॉजिट:** सेविंग अकाउंट, रिकरिंग डिपॉजिट, टाइम डिपॉजिट और मंथली इनकम स्कीम

**सेविंग सर्टिफिकेट:** नेशनल स्मॉल सेविंग सर्टिफिकेट (NSC) और किसान विकास पत्र (KVP)

**सोशल सिक्योरिटी स्कीम्स:** सुकन्या समृद्धि योजना, सार्वजनिक भविष्य निधि (PPF) और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (SCSS)

# अब बिना कार्ड के भी एटीएम से निकालें पैसे

**नई दिल्ली, 21 जुलाई (एजेंसी)।** यदि एटीएम कार्ड नहीं है? खो गया या घर पर छूट गया? अब इससे फर्क नहीं पड़ता. टेक्नोलॉजी ने इस समस्या का हल ढूंढ़ लिया है, Cardless Cash Withdrawal via UPI आजकल कई बैंक ऐसे ATM मशीनें उपलब्ध करा रहे हैं, जिनसे आप केवल PI ऐप के माध्यम से कैश निकाल सकते हैं, वो भी बिना कार्ड लगाए. भारत में कुछ चुनिंदा बैंकों ने यह सुविधा शुरू कर दी है और धीरे-धीरे यह पूरे देश में फैल रही है.

### बिना कार्ड के ATM से पैसे निकालने की स्टेप-बाय-स्टेप प्रक्रिया

**स्टेप 1 :** एटीएम पर जाएं: ATM मशीन के पास जाएं और स्क्रीन पर 'Cardless Cash Withdrawal' या 'UPI Cash Withdrawal' विकल्प चुनें.

**स्टेप 2:** QR कोड स्कैन करें: ATM स्क्रीन पर एक QR कोड दिखाई देगा. अपने स्मार्टफोन में कोई भी UPI ऐप (जैसे PhonePe, Google Pay, Paytm या BHIM) खोलें और QR कोड स्कैन करें.

**स्टेप 3:** राशि दर्ज करें: UPI ऐप में वह राशि दर्ज करें जितना कैश आप निकालना चाहते हैं.

**स्टेप 4:** UPI पिन डालें और कन्फर्म करें: अब अपना UPI पिन डालें और ट्रांज़ैक्शन कन्फर्म करें.

**स्टेप 5:** कैश प्राप्त करें: कन्फर्मेशन के बाद ATM से तुरंत कैश निकल जाएगा, बिना कार्ड लगाए, बिना स्क्रीन को टच किए.

### किन बातों का रखें ध्यान?

आपके स्मार्टफोन में UPI ऐप इंस्टॉल और सक्रिय होना चाहिए. आपका बैंक अकाउंट PI ऐप से लिंक होना अनिवार्य है. यह सुविधा केवल उन्हीं ATM मशीनों में उपलब्ध है, जिनमें PI-इनेबल्ड कैश विथड्रॉल सिस्टम लगा है. हर बैंक की नकद निकासी सीमा अलग-अलग हो सकती है (जैसे 5,000 या 10,000 प्रति दिन). नेटवर्क या ओटीपी/पिन में देरी के कारण ट्रांज़ैक्शन असफल हो सकता है – इसलिए इंटरनेट कनेक्शन अच्छा रखें.

### कौन-कौन से बैंक दे रहे हैं यह सुविधा?

भारत के कई प्रमुख बैंक अब UPI आधारित कार्डलेस कैश विथड्रॉल सुविधा प्रदान कर रहे हैं. इनमें एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक शामिल है। इन बैंकों के चुनिंदा ATM में यह सुविधा उपलब्ध है, और जल्द ही यह पैन-इंडिया स्तर पर लागू होने की उम्मीद है.

### क्यों बढ़ रही है कार्डलेस ATM की मांग?

**सुरक्षा:** ATM कार्ड खोने या क्लोनिंग से बचाव.

**सहूलियत:** केवल मोबाइल और इंटरनेट से ट्रांज़ैक्शन की सुविधा.

**फिजिकल टच-फ्री:** कोरोना काल के बाद से टचलेस टेक्नोलॉजी की मांग बढ़ी.

**डिजिटल इंडिया को बढ़ावा:** सरकार और RBI की संयुक्त पहल से डिजिटल ट्रांज़ैक्शन को प्रोत्साहन।

### एसबीआई की यूपीआई सर्विस आज रात बंद रहेगी

मुंबई, 21 जुलाई (एजेंसी)। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने अपने ग्राहकों के लिए जरूरी सूचना जारी की है। आज रात SBI के UPI यूजर्स को 12:15 से 1:00 बजे तक दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। बैंक ने बताया है कि तकनीकी मेंटेनेंस के कारण UPI सर्विस में करीब 45 मिनट तक रुकावट रहेगी। इस दौरान ग्राहकों को SBI UPI के जरिए पैसे भेजने और लेने में असुविधा हो सकती है। SBI ने बताया कि यह डाउनटाइम जरूरी मेंटेनेंस और सिस्टम अपग्रेडेशन के लिए रखा गया है, ताकि ग्राहकों को आगे और बेहतर डिजिटल बैंकिंग सुविधाएं मिल सकें। बैंक ने सलाह दी है कि इस डाउनटाइम के दौरान ग्राहक UPI Lite सर्विस का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो सामान्य UPI से अलग है और बंदी के वक्त भी चालू रहेगी। जिससे छोटी रकम के लेन-देन में कोई दिक्कत नहीं आएगी।

## एक नजर

### कम दाम में स्क्रैप दिलाने का झांसा देकर 20 लाख की ठगी

**रायपुर, 21 जुलाई।** एमएस स्क्रैप बाजार भाव से कम दाम में दिलाने का झांसा देकर बुजुर्ग से 20 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी वासुदेव मित्तल 63 वर्ष सामुदायिक भवन के पास कबीरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी एआर इंटरप्राइजेस का संचालक है। प्रार्थी ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि आरोपी मिर्जा मनवरू जामा ने प्रार्थी को एमएस स्क्रैप बाजार भाव से कम दाम में दिलाने का झांसा देकर 20 लाख रुपए ऐंठ लिया। जब प्रार्थी को ठगे जाने का एहसास हुआ तो उसने इसकी शिकायत खमतराई थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग क्षेत्रों से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 21 जुलाई।** शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में ब्राम्हणपारा निवासी सूरज शर्मा 25 वर्ष ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एचटी 8066 को दानी गर्ल्स स्कूल के पीछे खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में सेक्टर 29 नवा रायपुर निवासी दीपक कुमार साहू 28 वर्ष ने राखी थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीआर 4010 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 70 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### गांजा के साथ 2 गिरफ्तार

**रायपुर, 21 जुलाई।** गंज थाना पुलिस ने होटल उदय दीप के कमरा में दबिश देकर गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 48 किलो 360 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन स्थित होटल उदय दीप के कमरा नंबर 205 में दबिश देकर आरोपी विनोद गुप्ता 32 वर्ष और दीनेश गुप्ता 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 4 बैग में रखे 48 किलो 360 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 4 लाख 83 हजार 600 रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### संविदा शिक्षक संघ 4 अगस्त को करेगा प्रदर्शन

**रायपुर, 21 जुलाई।** छत्तीसगढ़ संविदा शिक्षक संघ संविलियन एवं नियमितीकरण की मांग को लेकर लंबे समय से धरना करता रहा है। इसी कड़ी में रविवार को संघ की बैठक बलौदाबाजार में आयोजित की गई थी जिसमें संघ के अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने बताया कि संघ के सदस्य एक से तीन अगस्त तक जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे। मांग पूरी नहीं होने पर चार अगस्त को रायपुर के तूता धरनास्थल में अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार खैरागढ़ में संविदा शिक्षक और कर्मचारियों ने पिछले दिनों प्रदर्शन किया था । अनिल शुक्ला के अनुसार वेतन वृद्धि एवं नियमितीकरण की मांग पर शासन के जिम्मेदारों ने अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया है। इधर आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में भी वेतन निर्धारण नहीं होने के कारण वहां के शिक्षकगण भी हमारी मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरने में शामिल होंगे।

### दोहा -संग्रह 'प्रीत मिलेगी राह' में का हुआ विमोचन

**रायपुर, 21 जुलाई ।** राजधानी रायपुर के वृन्दावन सभागार में कल 19 जुलाई को आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम में राजेश जैन 'राही' की 15 वीं पुस्तक 'प्रीत मिलेगी राह में' (श्रृंगार दोहा संग्रह) का विमोचन किया गया।

## दूसरा सोमवार एवं एकादशी का संयोग

# भोलेनाथ के दर्शन के लिए मंदिरों में उमड़ा जन सैलाब

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 21 जुलाई।** सावन सोमवार एवं एकादशी एक ही तिथि में होने के कारण भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। शहर के अनेक स्थानों से महिला पुरुष तथा युवा कावंड़ यात्रा में निकले तथा शिवालयों में जलाभिषेक किया। आज सावन सोमवार भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गया। ऐतिहासिक मंदिर हटकेश्वर, बूढ़ेश्वर, नरहेश्वर तथा सरोना में भगवान का दर्शन करने वालों की अपार भीड़ देखी गई।

द्वितीय सावन सोमवार एवं कामिका एकादशी होने के कारण भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। एकादशी भगवान विष्णु और जगत के पालनहार श्री हरि की साधना का दिन है इस दिन भक्तों द्वारा एकादशी का व्रत किया जाता है हिंदू मान्यता के अनुसार किसी देवता के लिए समर्पित तिथि दिन अथवा तीज त्योहार पर विशेष आराधना विशेष सुखों की प्राप्ति होती है। सावन सोमवार में भक्तों द्वारा शिवालयों में पहुंचकर विशेष पूजन अर्चन कर सभी के सुखों की कामना की गई। इधर कांवड़ यात्रियों द्वारा महादेव घाट राजिम एवं सोमनाथ में जल चढ़ाने के लिए कांवरियों की भीड़ सड़कों पर देखी गई। जतमई घटारानी कुलेश्वर महादेव, फिंगेश्वर, भूतेश्वरनाथ, पाटन तुलसी ग्राम आदि स्थानों पर भक्तों द्वारा सुबह से ही लंबी कतार लगाकर भोलेनाथ की दर्शन के लिए भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं द्वारा बोल बम के जयघोष के साथ ही भोलेनाथ का दर्शन किये गये।

# मुख्यमंत्री ने आवास में निपटाया शासकीय कामकाज

## कई कलेक्टरों पर गिरेगी गाज

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 21 जुलाई।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज निवास स्थित कार्यालय में बैठकर शासकीय कामकाज निपटाया। बताया जाता है कि सत्र एवं जनजागरूकता अभियान के समय जिन कलेक्टरों एवं अधिकारियों के खिलाफ शिकायतें मिली है उनके ऊपर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। शासकीय प्रवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री मानसून सत्र के पहले जनजागरूक अभियान सहित अन्य कामों में काफी व्यस्त हो गये थे। सत्र के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना भारत माला, मनरेगा तथा महिला बाल विकास में रेडी टू ईट सहित अन्य शिकायतें मिली थी। प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन कलेक्टर एवं अधिकारियों के विरुद्ध गंभीर शिकायतें मिली थी उन्हें हटाने का वादा जनता से मुख्यमंत्री से किया था अब वे उसे अंजाम देंगे। शासकीय प्रवक्ता के अनुसार मुख्यमंत्री विधानसभा में पारित प्रस्तावों तथा विधेयकों को भी



राज्यपाल के पास भेजेंगे जहां पर राज्यपाल के पास अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। राज्य में इस समय नक्सली समस्या को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। संग्रहण केंद्रों में पड़े धान का उपयोग अब चावल बनाने के लिए किया जाएगा। जिससे ना मीटरिक टन धान की भी समस्या हल हो जाएगी। ज्ञात रहे राज्य में 32 लाख मीटरिक टन धान अतिशेष था। जिसमें से अधिकांश धान की बिक्री हो गई है मिलर 1900 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदने के लिए दबाव बना रहे हैं।

# दीपक बैज ने की आर्थिक नाकेबंदी को सफल बनाने की अपील

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 21 जुलाई।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि कांग्रेस हाईकमान द्वारा देश के आर्थिक संसाधनों को निजी क्षेत्र में सौंपने के विरोध में आर्थिक नाकेबंदी प्रदेश स्तर पर 22 जुलाई को की जाएगी। दीपक बैज बस्तर में मोर्चा संभालेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि राज्य में आर्थिक नाकेबंदी को सफल बनाने के लिए अलग अलग क्षेत्रों में प्रभारी नियुक्त कर दिये गये है। रायपुर में धनेंद्र साहू, शिव डहरिया, शैलेष नितिन त्रिवेदी, पंकज शर्मा सहित अन्य नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला कांग्रेस



कमेटी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार आर्थिक नाकेबंदी को सफल बनाने जिला कांग्रेस रायपुर की बैठक ,सफल बनाने रणनीति में संयुक जिम्मेदारी सौंपी गई,जिस प्रकार से पूरे देश में विरोधियों खासकर विपक्ष के मजबूत,प्रभावशाली नेताओं को सरकारी एजेंसियों के माध्यम से दबाव डाल कर अपने मित्रों के खिलाफआवाज को बंद कराने का बल पूर्वक साजिश कर रहे है जिस प्रकार कवासी लखमा,देवेंद्र यादव सहित अभी चैतन्य बघेल के माध्यम से भूपेश बघेल को दबाना चाहते है पूरे कांग्रेस पार्टी के नेताओं को जो भी आवाज उठाते है उसे दबाने में कोई कसर नहीं छोड़ते खास उद्योगपति मित्रो के मामले में इसके विरोध में जिला रायपुर के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग,राजमार्ग,जिला मार्ग सभी को बंद करने का निर्णय लिया गया है।

अभनपुर,आरंग,धरसीवा, बीरगांव ,तिल्दा,सहित विभिन्न कस्बाई क्षेत्रों में भी आंदोलन के साथ चक्का जाम किया जाएगा आज की बैठक में सफल बनाने सभी ब्लॉकों में भी बैठक करके सफल बनाने ठोस निर्णय लिया जाएगा।

# बलरामपुर में सर्वाधिक और बेमेतरा में सबसे कम बारिश

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 21 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 446 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 739 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 241 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 438 मिमी, बलौदाबाजार में 439 मिमी, गरियाबंद में 374 मिमी, महासमुंद में 394.5 मिमी और धमतरी में 372.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 471 मिमी., मुंगेली में 513 मिमी, रायगढ़ में 571 मिमी, जांजगीर-चांपा में 598 मिमी, कोरबा में 517 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 440 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 437 मिमी, सक्ती में 539 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है।

दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 368 मिमी, कबीरधाम में 333 मिमी, राजनांदगांव में 361 मिमी, बालोद में 439 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 522 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 311.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है।

सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 351.6 मिमी, सूरजपुर में 569 मिमी, जशपुर में 546 मिमी, कोरिया में 532 मिमी और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 490 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है।

बस्तर संभाग में बस्तर जिले में 509 मिमी, कोंडागांव में 315 मिमी, नारायणपुर में 347 मिमी, बीजापुर में 505 मिमी, सुकमा में 303 मिमी, कांकेर में 403 मिमी, दंतेवाड़ा में 425 मिमी और औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

### छत्तीसगढ़ के साहित्यकार पयोधि भोपाल में हुए सम्मानित

**रायपुर, 21 जुलाई।** वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मीनारायण पयोधि को कल रविवार 20 जुलाई को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय जीवन शैली समारोह में सम्मानित किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश सरकार के खेल, युवा कल्याण और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग थे. उन्होंने पयोधि को 'जगदीश गुरु साहित्यकार सम्मान 'से अलंकृत किया. विभिन्न विधाओं में पयोधि की 56 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं.उल्लेखनीय है कि पयोधि मूल रूप से छत्तीसगढ़ के भोपालपटनम के निवासी हैं.

साहित्य भारती छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री बलदाऊ राम साहू ने बताया कि सम्मान समारोह डॉ.गांगुली योग विद्यापीठ, भोपाल द्वारा कमला पार्क भोपाल स्थित आचार्य नरेन्द्रदेव पुस्तकालय में आयोजित किया गया. साहित्यकार श्री पयोधि को यह सम्मान साहित्य के क्षेत्र में उनकी लगातार सृजन -सक्रियता और विशेष उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया. उन्होंने भोपाल (मध्यप्रदेश ) में वर्ष 1990 से 1997 तक आदिम जाति विकास विभाग के वन्या प्रकाशन द्वारा प्रकाशित बच्चों की लोकप्रिय पत्रिका'समझ-झरोखा' का सम्पादन किया और बाद में आदिम जाति अनुसंधान संस्थान (ट्रायबल रिसर्च इंस्टिट्यूट)में भी अपनी सेवाएँ दी.इस दौरान भी उनकी साहित्य -साधना निरंतर जारी रही.श्री पयोधि वन्या प्रकाशन में सहायक सम्पादक के पद से वर्ष 2019 में सेवानिवृत्त हुए.इन दिनों वे भोपाल में रहकर साहित्य-साधना में लगे हुए हैं. वर्ष 2019 में सेवानिवृत्त होने बाद उन्होंने 2022 तक वन्या प्रकाशन में विशेषज्ञ-सलाहकार के रूप में भी अपनी सेवाएँ दी.कवि-कथाकार और जनजातीय संस्कृति एवं भाषाओं के अध्येता के रूप में प्रतिष्ठित श्री पयोधि की विभिन्न विधाओं में कुल 56 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

# बारिश में आसमान छू रहा रेत का भाव

## ईटें का भी रेट बढ़ा, पारागांव-महासमुंद में अवैध भंडारण

■ मुख्य नगर संवाददाता



रायपुर, 21 जुलाई । बरसात लगते ही राजधानी में रेत और ईटें का भाव आसमान छू रहा है जिसके कारण भवन निर्माता काफी परेशान है। इधर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही भी अपना काम रोकने के लिए मजबूर है। बड़े ठेकेदारों एवं आपूर्ति कर्ताओं ने राजधानी के विभिन्न घाटों के पास रेत का भंडारण कर लिया है जिससे वे लाखों की कमाई कर रहे है।

मिली जानकारी के अनुसार राजधानी में इस समय मोटा रेत तथा बारिक रेत का भाव दस हजार रुपये हाइवा से बढ़कर 24 हजार रुपये प्रति हाइवा हो गया है जिसमें 250 फीट रेती आती है। भवन निर्माण आपूर्ति कर्ताओं का कहना है कि बड़े ठेकेदारों ने सरपंच तथा खनिज अधिकारियों से सांठगांठ कर ग्राम पारा गांव जौंदी जौंदा तथा महासमुंद के पास भंडारण कर लिया है जिसे वे बेच रहे हैं। बरसात लगते ही नदियों में जल स्तर बढ़ जाता है इसलिए गर्मी में रेत का भंडारण कर लिया जाता है। ईटें का रेट दो हजार नग प्रति ट्राली 11 सौ से बढ़कर 15 सौ रुपये हो गया है। भवन निर्माण में उपयोग में आने वाले सीमेंट का आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इस समय सभी सीमेंट संयंत्र सीमेंट को बाहर भेज रहे हैं जिसके कारण स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। ख्यातिनाम ब्रांड के सीमेंट नहीं मिल रहे हैं। इस समय अल्ट्राटेक और एसीसी सीमेंट का मांग ज्यादा है।

भवन निर्माण आपूर्ति कर्ताओं के अनुसार लोहे का रेट सामान्य है यहां पर लोहे का रेट पांच हजार से लेकर 55 सौ प्रति क्विंटल की दर से बढ़ते घटते रहता है। वहीं गिट्टी तथा बजरी का भी रेट घटते बढ़ते रह रहा है। शहरीय तथा ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण तेजी से हो रहा है। यहां पर हितग्राही भवन सामाग्री लेने के लिए परेशान है शहर में तीन किस्तों में पैसा दिया जाता है।

### यात्री बस से पकड़ाया 9 लाख का गांजा, 4 गिरफ्तार

**बलरामपुर, 21 जुलाई।** छत्तीसगढ़ की बलरामपुर पुलिस ने गांजा तस्करी मामले के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने 9 लाख रुपये के अवैध गांजा के साथ 4 तस्करों को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर की गई. मामला वाड्रफनगर पुलिस चौकी क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, आरोपी गांजा को 12 बड़े बैगों में भरकर महिंद्रा बस के माध्यम से छत्तीसगढ़ से उत्तर प्रदेश ले जा रहे थे.

गांजा की तस्करी की सूचना पर पुलिस ने वाड्रफनगर क्षेत्र में घेराबंदी कर बस को रोका और तलाशी लेने पर 92 किलो गांजा आरोपियों से जब्त किया. आरोपियों को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. जानकारी के मुताबिक, प्राथमिक जांच में यह मामला अंतरराज्यीय तस्करी गिरोह से जुड़ा प्रतीत हो रहा है और पूछताछ के दौरान कई बड़े खुलासे होने की संभावना है.

# एचएनएलयू को डब्ल्यूयूआरआई 2025 रैंकिंग में विजनरी लीडरशिप के लिए वैश्विक 46वां स्थान

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 21 जुलाई।** हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एचएनएलयू), रायपुर ने विश्वविद्यालय नवाचार रैंकिंग (WURI) 2025 के विजनरी लीडरशिप (B1 श्रेणी) में दुनियाभर में 46वां स्थान हासिल कर एक महत्वपूर्ण वैश्विक सम्मान अर्जित किया है। यह प्रतिष्ठित मान्यता एचएनएलयू की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती पहचान को रेखांकित करती है। एचएनएलयू ने दूरदर्शी विधि शिक्षा, संस्थागत नवाचार और प्रभावशाली नेतृत्व के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता साबित की है।

डब्ल्यूयूआरआई 2025 रैंकिंग के तहत दुनिया भर के 1,350 विश्वविद्यालयों से आए 4,866



नवाचार केस स्टडीज का मूल्यांकन किया गया। इन प्रविष्टियों को 203 अकादमिक नेताओं की एक अंतरराष्ट्रीय समिति ने नवाचार, क्रियान्वयन और सामाजिक प्रभाव जैसे मानकों पर परखा। इस वर्ष भागीदारी में पिछले साल की तुलना में 70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे एचएनएलयू की यह उपलब्धि और भी उल्लेखनीय बन जाती है। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रो. डॉ. वी.सी. विवेकानंदन, कुलपति, एचएनएलयू ने कहा – 2023 में शुरू की गई R-HaS (रिसर्च हब एंड स्पोक) पहल – जिसमें पाँच रिसर्च स्कूल और 25 अंतरविषयक अनुसंधान केंद्र शामिल हैं – अब फल देने लगी है। हमारे संकाय और छात्र महत्वपूर्ण शोध परियोजनाएं हासिल कर रहे हैं। डब्ल्यूयूआरआई की यह वैश्विक मान्यता ऋ॥ड्डस् की दीर्घकालिक दृष्टि और लक्ष्यों को और गति प्रदान करेगी। डब्ल्यूयूआरआई रैंकिंग का आयोजन आईपीएस स्विट्जरलैंड द्वारा किया जाता है, जिसे हैंसियाटिक लीग ऑफ यूनिवर्सिटीज का समर्थन प्राप्त है और द्वस्ञ्ज्ञ प्रायोजक है। पारंपरिक विश्वविद्यालय रैंकिंग से अलग, डब्ल्यूयूआरआई वास्तविक दुनिया में मूल्य सृजन पर जोर देता है और उन संस्थानों को सम्मानित करता है, जो साहसिक, रचनात्मक और सामाजिक रूप से उत्तरदायी शिक्षा मॉडल अपनाते हैं।

### पिकअप ने स्कूटी को मारी टक्कर, युवक की मौत

**अभनपुर, 21 जुलाई।** नवा रायपुर स्थित रावतपुरा यूनिवर्सिटी के पास आज सुबह को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. मृतक की पहचान नंदू यादव (22 वर्ष) के रूप में हुई है, जो गोबरा नवापारा क्षेत्र के ग्राम नवागांव (ल) का रहने वाला था. हादसे के बाद आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए और आक्रोश व्यक्त करने लगे. घटना की जानकारी मिलते ही अभनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाने-बुझाने में जुट गई. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

**नेशनल हाइवे पर दो मालवाहक में टक्कर**

महासमुंद में एनएच-353 पर चौकड़ी के पास सोमवार की सुबह को एक भीषण सड़क हादसा हो गया. दो मालवाहक वाहनों की आमने-सामने टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए. हादसे में दोनों वाहनों में सवार चार लोगों में से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा लाया गया, जहां एक की हालत नाजुक देख उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया. जानकारी के अनुसार, एक मालवाहक सब्जी से लदा हुआ था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन...

परिवार सीमित मात्रा में महुआ से शराब बनाते हैं, जो उनके स्वयं के उपयोग के लिए होती है क्योंकि यह उनकी संस्कृति से जुड़ा है। वर्तमान में उन्हें इसे बेचने की अनुमति नहीं है। हालांकि, प्रारंभिक रूप से एक प्रस्ताव आया है कि महुआ से शराब बनाकर बाजार में लाया जाए। बस्तर में अभी इसे संग्रहित करना एक बड़ी चुनौती है। यदि इसका समाधान निकाला जाता है और इससे आदिवासी परिवारों को आर्थिक लाभ मिलता है, तो हम निश्चित रूप से इस दिशा में प्रयास करेंगे।

**प्रश्नः आपकी पहचान एक सामाजिक कार्यकर्ता की भी है। शराब और समाज को अक्सर विरोधी माना जाता है। ऐसे में आप सामंजस्य कैसे बैठाएंगे?**

उत्तरः देखिए, हमारा विभाग कभी शराब पीने के लिए प्रोत्साहित नहीं करता बल्कि नशाखोरी के खिलाफ लगातार अभियान चला रहा है। कुछ भ्रांतियां हैं, जैसे नई दुकानें खुलने पर लोग कहते हैं कि शराब को बढ़ावा दिया जा रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि यदि हम वैध दुकानें नहीं खोलते तो अवैध शराब बिकती, जिससे न सिर्फ राजस्व का नुकसान होता बल्कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर भी खतरा बढ़ता। कम से कम लाइसेंस प्राप्त दुकान से प्रमाणित शराब

मिलती है। वैसे भी, शराब को हतोत्साहित करने के लिए इसकी कीमत अधिक रखी जाती है। दुकानों की संख्या बढ़ाना भी अवैध शराब पर रोक का एक तरीका है। कुल मिलाकर, सरकार का उद्देश्य शराब को हतोत्साहित करना ही है।

**प्रश्नः कई वर्षों से प्रदेश में शराब दुकानों का संचालन सरकार कर रही है। इन दुकानों में प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से कार्यरत युवाओं की स्थायी भर्ती को लेकर क्या योजना है?**

उत्तरः यह मामला सीधे आबकारी नीति से जुड़ा है, लेकिन ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन के दृष्टिकोण से कहूं तो यहां समय-समय पर सरकार की नीतियां बदलती रहती हैं, इसलिए स्थायी भर्तियां सीमित होती हैं। हालांकि, प्लेसमेंट एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि स्थानीय युवाओं को ही प्राथमिकता मिले ताकि उन्हें रोजगार का लाभ मिल सके।

**प्रश्नः एफएल-10 खत्म करने से क्या राजस्व पर असर पड़ा है?**

उत्तरः नहीं, एफएल-10 व्यवस्था खत्म करने के बावजूद राजस्व में वृद्धि ही हुई है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26